RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक
# गरीबों का सितारा
।। दशकों पुराना साथ।।
निष्पक्ष कलम ➜ निर्भीक आवाज
"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 18 | अंकः 4 | पेजः 8 | मूल्य 01 रु. | जयपुर, मंगलवार 1 अगस्त, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com

**सुविचार**

जल्दी गिरने से रोकने
का उपाय
जो एक मिनट के अंदर
निकल जाता है
वो एक घंटे
तक नहीं निकलेगा

# गहलोत बोले- गांव-कस्बों में भी मिलेगा इंदिरा रसोई का खाना

## बोले- बारिश में सड़कें टूटना आम बात, सड़कों में हम गुजरात से पीछे नहीं




**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** अब छोटे कस्बों और गांवों में भी इंदिरा रसोई का सस्ता खाना मिलेगा। सीएम अशोक गहलोत ने कहा- आठ रुपए में खाना देने की इंदिरा रसोई योजना को अब गांवों और कस्बों तक भी ले जाया जाएगा। अब तक बड़े शहरों में ही इसका फायदा मिल रहा था। गहलोत 1514 गांवों की सड़कों के वर्चुअल शिलान्यास के बाद बोल रहे थे।

गहलोत ने कहा- राजस्थान में क्वालिटी सड़कें बन रही हैं। कोई जमाना था, जब हम सड़कों के मामले में गुजरात से बहुत पीछे थे। आज हम गुजरात से आगे नहीं तो पीछे भी नहीं हैं। इसका कारण है कि हमने हमेशा सड़कों पर ध्यान दिया। क्योंकि सड़कों से ही विकास का बहुत बड़ा संबंध होता है। सड़कों से गांव वालों को कई सुविधा मिल सकती हैं। ब्लैक स्पॉट को ट्रैक करने का काम भी चल रहा है। मुझे खुशी है कि क्वालिटी को लेकर विभाग की जो अप्रोच बन गई। उसको ठेकेदारों ने अपनाया है। विभाग भी मॉनिटरिंग कर रहा है।

### बारिश के दिनों में सड़कें टूटना आम बात

गहलोत ने कहा- बारिश के दिनों में चाहे गांव हो या शहर, सड़कें टूटना स्वाभाविक है। राजस्थान में सड़कों की क्वालिटी में सुधार हुआ है। पहली बार हमने देखा है कि बजट की घोषणा होते ही उनको धरातल पर भी उतारने का काम जल्द शुरू किया है। आज जिन सड़कों का शिलान्यास हुआ है, इनके काम भी बारिश खत्म होते ही शुरू कर दिए जाएंगे।

### पांच साल में 1.40 लाख किलोमीटर सड़कें बना रहे

गहलोत ने कहा- ठेकेदारों से कम्युनिकेशन गैप के कारण हड़ताल हो गई। वह हड़ताल खत्म करवा दी है। ठेकेदारों की अपनी समस्याएं थीं। अब सड़कों का काम आगे बढ़ रहा है। अब सड़क बनाने में ज्यादा वक्त नहीं लगता है। हमने स्टेट हाईवे से लेकर डिस्ट्रिक्ट रोड और गांव-शहरों तक की सड़कों को एक साथ बनाना शुरू किया है। ?प्रदेश में 1.40 लाख किलोमीटर सड़कें पांच साल में बनाई जा रही हैं।

### जिला प्रशासन से खराब सड़कों का सर्वे करवाया

गहलोत ने कहा- नई सड़कें बनाने के साथ प्रदेश भर में सड़कों को चौड़ा करने का काम अलग से चल रहा है। हमने नगर पालिका, नगर निगम और नगर परिषद क्षेत्र में भी पीडब्ल्यूडी से सड़कें बनवाने का फैसला? किया। दूसरा फैसला हमने यह किया कि जिन सड़कों की हालत अच्छी नहीं है। वहां जिला प्रशासन खुद सर्वे करे। फिर उसके आधार पर उसे फिर से बनवाएंगे। हर जिले में खराब सड़कों के सर्वे के बाद उन्हें अब ठीक करवाया जा रहा है। हमने बजट में ही इन्हें ठीक करवाने का प्रावधान कर दिया है।

### हमने विधायकों से पूछकर सड़कें बनाईं

गहलोत ने कहा- राजस्थान बड़ा टूरिस्ट डेस्टिनेशन है। कई टूरिस्ट गांव तक भी जाते हैं। उनके दिमाग में भी आता है कि राजस्थान की सड़कें अच्छी हैं। अभी मैं खुद आदिवासी क्षेत्र डूंगरपुर, बांसवाड़ा की तरफ गया था। अचानक मुझे किसी गांव में जाना पड़ गया। जो गाड़ी में बैठे हुए थे, वे भी कह रहे थे कि गांव की सड़क भी कितनी अच्छी है। हर गांव तक सड़कों का जाल बिछे, हमने इस तरह की पॉलिसी बनाई है।

बीजेपी का **सचिवालय घेराव आज**

## जोशी बोले-लाठी और गोली दोनों खाने को तैयार, लेकिन 'नहीं सहेगा राजस्थान'

नहीं सहेगा राजस्थान अभियान के समापन के तहत मंगलवार को बीजेपी सचिवालय का घेराव करेगी गहलोत सरकार के खिलाफ होने वाले इस प्रदर्शन को लेकर बीजेपी का दावा है कि इस घेराव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रदेशभर से लाखों लोग जयपुर पहुंचेंगे।



**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** जयपुर 'नहीं सहेगा राजस्थान' अभियान के तहत बीजेपी की ओर से सचिवालय का घेराव आज यानी मंगलवार को होगा सोमवार को पार्टी मुख्यालय पर मीडिया से बात करते हुए बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने दावा किया कि इस रैली में लाखों की संख्या में लोग आएंगे यह सचिवालय घेराव शांतिपूर्ण तरीके से होगा, लेकिन फिर भी सरकार हर बार की तरह अगर दमनकारी नीति अपनाती है, तो हम लाठी भी खाने को तैयार हैं और गोली भी खाने को तैयार है, लेकिन जनता की आवाज भारतीय जनता पार्टी मजबूती के साथ उठाती रहेगीन लाठी का डर, न गोली का डरः सीपी जोशी ने कहा कि सरकार के इस कुशासन के खिलाफ 16 जुलाई को ह्लनहीं सहेगा राजस्थान अभियानह्ल की शुरूआत जयपुर के बीलवा से बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने की थी इस अभियान के तहत बीजेपी ने भ्रष्टाचार, पेपर लीक, कर्जमाफी, महिला और दलित अत्याचार, कानून व्यवस्था, तुष्टिकरण सहित कई मुद्दों को लेकर गहलोत सरकार के खिलाफ प्रदेश भर में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए गए हैंपढ़ें: नहीं सहेगा राजस्थान अभियान : 1 अगस्त को जयपुर में सचिवालय को घेरेंगे भाजपाई, इखढ बोली- पांचों दिशाओं से आएंगे कार्यकर्ता15 दिन तक चले इस अभियान का समापन राजधानी जयपुर में बड़े स्तर पर सचिवालय का घेराव के साथ होगा जोशी ने कहा कि बीजेपी हर बार की तरह शांतिपूर्ण तरीके से अपना यह विरोध प्रदर्शन दर्ज कराएगी, लेकिन फिर भी गहलोत सरकार अगर हर बार की तरह इस बार भी लाठी बरसाना चाहेगी, तो बीजेपी का एक-एक कार्यकर्ता प्रदेश की आम आवाम के लिए लाठी और गोली खाने के लिए भी तैयार रहेगा, लेकिन ह्लनहीं सहेगा राजस्थानह्लपढ़ें: बीजेपी का अगले पांच दिन तक हल्ला बोलः कांग्रेस विधायकों के घरों पर थाली नाद, वाहन रैली से भी जताएंगे विरोधआएंगे बड़े नेताः चुनावी साल में बड़े स्तर पर इस अभियान का समापन सचिवालय घेराव के साथ किया जाएगा, जिसमें बीजेपी के तमाम बड़े नेता मौजूद रहेंगे सचिवालय घेराव से पहले बीजेपी मुख्यालय के बाहर पार्टी के तमाम बड़े नेताओं के भाषण होंगे, उसके बाद रैली के रूप में तमाम नेता और कार्यकर्ता सचिवालय का घेराव करने के लिए कूच करेंगे जोशी ने दावा किया कि इस सरकार के खिलाफ ये अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन होगा सरकार के खिलाफ लाखों लोग सड़कों पर होंगे चारों दिशाओं से प्रदेशभर से लाखों लोग सरकार को विदाई देने जयपुर पहुंचेंगे

## 'सरकार की नाकामी', नूंह में झड़प पर बोली कांग्रेस, सीएम मनोहर लाल खट्टर ने कहा- दोषियों को नहीं बख्शेंगे

***हरियाणा के नूंह में धार्मिक जुलूस के दौरान पथराव के बाद तनाव की स्थिति है इंटरनेट बंद कर दिया गया है और धारा 144 लागू है***




**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** सोमवार (31 जुलाई) को दो गुटों के बीच झड़प हो गई इस दौरान 2 होमगाड्र्स की मौत हो गई जबकि 10 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हो गए दरअसल, विश्व हिंदू परिषद की ओर से निकाली जा रही एक शोभायात्रा के दौरान भीड़ ने पथराव कर दिया इस दौरान फायरिंग के भी दावे किए गए इस घटना से पूरे इलाके में तनाव बढ़ गया

भीड़ ने कई गाड़ियों में तोड़-फोड़ की और आग लगा दी दो पक्षों के बीच पथराव के दौरान भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े पूरे जिले में धारा 144 लागू कर लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है बुधवार (2 अगस्त) तक मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं

### 'दोषियों को नहीं किया जाएगा माफ'

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है उन्होंने कहा, "मैं सभी लोगों से प्रदेश में शांति बनाए रखने की अपील करता हूं दोषी लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी"

राज्य के गृह मंत्री अनिल विज ने इस घटना को लेकर कहा, "मौके पर पर्याप्त संख्या में बल तैनात किया जा रहा है हमने केंद्र से भी बात की है हम वहां शांति बहाल करने की कोशिश कर रहे हैं जहां-जहां पर लोग फंसे हुए हैं उन्हें बचाया जा रहा है"वहीं, हरियाणा विधानसभा के विपक्ष के नेता और पूर्व सीएम भूपिंदर सिंह हुड्डा ने कहा, "यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है मैं लोगों से शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील करता हूं"

### दीपेंद्र हुड्डा की लोगों से अपील

वहीं, नूंह झड़प पर कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा, "मेवात की घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है, मैं हाथ जोड़कर लोगों से अपील कर रहा हूं कृपया भाईचारा, सद्भाव और शांति बनाए रखें"

### रणदीप सुरजेवाला का खट्टर सरकार पर निशाना

कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भी इस झड़प को लेकर ट्वीट किया है उन्होंने कहा, "नूंह, मेवात, मानेसर और गुड़गांव से आ रही हिंसा, आगजनी, तोड़फोड़ और दंगे की खबरें अत्यंत चिंताजनक और दिल दहलाने वाली हैं ये सीधे सीधे कानून व्यवस्था का फेल्यर है, खट्टर सरकार की नाकामी का नतीजा है" सुरजेवाला ने कहा, "बीजीपे-जेजेपी सरकार ने प्रदेश को पहले जातीय दंगों की आग में धकेला और अब धार्मिक दंगों की ज्वाला में हरियाणा का अमन चैन झुलसाया जा रहा है आजादी के 75 साल में पहली बार हरियाणा की धार्मिक दंगों की भेंट चढ़ाने की साजिश हो रही है ये शान्तिप्रिय हरियाणा के इतिहास में काला दिन है"

## नॉन RAS से IAS बनाने पर रोक रहेगी जारी

**हाई कोर्ट ने सरकार में जवाब पेश करके कहा-नियमों के तहत दे रहे प्रमोशन**

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** नॉन फ्अर से क्अर पदोन्नति प्रक्रिया पर रोक जारी रहेगी। आज राजस्थान हाई कोर्ट में सरकार ने जवाब पेश करते हुए कहा कि वह नियमों के तहत ही नॉन आरएएस को आईएएस में पदोन्नति दे रही है। लेकिन तकनीकि कारणों के चलते आज मामलें की सुनवाई टल गई।



जिसके बाद जस्टिस एमएम श्रीवास्तव की खंडपीठ ने प्रक्रिया पर रोक को बढ़ाते हुए 10 अगस्त को सुनवाई की अगली तारीख तय कर दी। अतिरिक्त महाधिवक्ता सत्येन्द्र सिंह राघव ने बताया कि हमने कोर्ट में एडिश्नल एफिडेविट पेश करके कहा है कि सरकार कानूनी प्रक्रिया के तहत ही नॉन RAS से IAS में पदोन्नति दे रही हैं।

दरअसल, राजस्थान प्रशासनिक सेवा परिषद की याचिका पर 7 जुलाई को हाई कोर्ट ने नॉन RAS से IAS में पदोन्नति प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। परिषद ने याचिका लगाकर कहा था कि राज्य सरकार केवल विशेष परिस्थितियां होने पर ही अन्य सेवाओं के अधिकारियों को आईएएस में पदोन्नत कर सकती हैं।

उसमें भी स्टेट सिविल सर्विसेज के 33.33 प्रतिशत कोटे का 15 प्रतिशत अन्य सेवाओं से ले सकती हैं। लेकिन सरकार तो हर साल पर्याप्त आरएएस ऑफिसर होने के बाद भी अन्य सेवाओं से आईएएस में पदोन्नति के लिए यूपीएससी को सिफारिश भेज रही है।

इस बार भी राज्य सरकार ने 17 फरवरी 2023 को सभी विभागों को पत्र लिखकर उनके यहां से 5 पात्र व्यक्तियों के नाम भेजने को कहा। जिस पर हमने आपत्ति जताई। लेकिन मई में सुनवाई के दौरान सरकार ने जवाब के लिए समय मांग लिया। वहीं 13 जून को इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए सभी विभागों से आए नामों की स्क्रीनिंग के लिए मीटिंग कर ली। जिस पर हाई कोर्ट ने पूरी प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी।

## सीनियर डॉक्टर्स आज करेंगे कार्य बहिष्कार

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** प्रदेश के मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध अस्पतालों में मंगलवार को मरीजों का परेशान होना तय है। वजह है कि विभिन्न मांगों को लेकर मेडिकल टीचर्स सामूहिक कार्य बहिष्कार करेंगे। इनमें एसएमएस, जेके लोन, महिला, जनाना, गणगौरी, कांवटिया जैसे बड़े अस्पताल शामिल हैं। ज्वाइंट एक्शन कमेटी के आह्वान पर 1 अगस्त को कार्य बहिष्कार की घोषणा के बाद सीनियर प्रोफेसर, प्रोफे. असि. प्रोफेसर कार्य बहिष्कार पर रहेंगे। ऐसे में जूनियर डॉक्टर्स और रेजिडेंट पर कार्यभार रहेगा।

## राजस्थान विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए कांग्रेस ने नियुक्त किए पर्यवेक्षक

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा चुनाव की तैयार के लिए कांग्रेस ने नियुक्त किए पर्यवेक्षक आने वाले कुछ महीनों में 5 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर कांग्रेस ने अपनी तैयारी तेज कर दी है सोमवार को कांग्रेस आलाकमान द्वारा राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत सभी चुनावी राज्यों के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है राजस्थान विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए कांग्रेस ने पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं राजस्थान के लिए मधुसुदन मिस्त्री को सीनियर ऑब्जर्बर बनाया गया है वहीं शशिकांत सेंथिल को पर्यवेक्षक बनाया गया है



कांग्रेस ने इस साल के आखिर में होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर सोमवार को वरिष्ठ पर्यवेक्षकों एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की, जिनमें मधुसूदन मिस्त्री को राजस्थान और रणदीप सिंह सुरजेवाला को मध्य प्रदेश की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## 'गांव-कस्बों में जाकर सुनें समस्याएं', NDA सांसदों को पीएम मोदी ने दिए ये निर्देश

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले कमर कसते हुए केंद्र में सत्तारूढ़ गठबंधन NDA के सांसदों की मैराथन बैठकें सोमवार (31 जुलाई) से शुरू हो गई हैं सूत्रों के मुताबिक, पहली बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांसदों को निर्देश दिया कि वे अपने निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव-कस्बों में प्रवास करें और लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनें

एनडीए सांसदों की ये बैठकें 10 अगस्त तक चलेंगी एक दिन में दो बैठकें होंगी और सभी मीटिंग को पीएम मोदी संबोधित करेंगे पहली बैठक महाराष्ट्र सदन में हुई, जिसमें उत्तर प्रदेश पश्चिम, ब्रज, कानपुर और बुंदेलखंड क्षेत्र के कुल 46 सांसदों ने हिस्सा लिया बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी इसमें हिस्सा लिया

बैठक में निर्देश दिए गए है कि सभी प्रतिनिधि जनता के बीच जाकर ज्यादा से ज्यादा स्थानीय लोगों से चर्चा करें, उनकी समस्याओं को समझें और उन्हें हल करें उनसे कहा गया कि जहां एनडीए की



सरकारें और बीजेपी की सरकारें हैं वहां जनता को राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी उपलब्ध कराए सांसदों को लाभार्थियों के बीच जाकर उनसे मिलने के भी निर्देश दिए गए हैं सांसदों को कहा गया है कि वे लाभार्थियों से दूसरे लोगों को भी योजनाओं का लाभ लेने को लेकर प्रेरित करने के लिए कहें। शेड्यूल के मुताबिक, इस दरमियान 10 ग्रुप में बांटे गए सांसदों की पहली बैठक शाम 6:30 बजे से और दूसरी बैठक 7:30 बजे से होगी सोमवार को दूसरी बैठक संसद स्थित एनेक्सी बिल्डिंग में शुरू हुई इस ग्रुप में ओडिशा, पश्चिम बंगाल और झारखंड के एनडीए सांसदों ने हिस्सा लिया इसमें पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे।

## मिलेगा फोन : 10 को होगा इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना का आगाज

***जयपुर में 1 लाख 91 हजार से ज्यादा लाभार्थियों को मिलेगी सौगात***

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा की क्रियान्विति के तहत महिलाओं को इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ स्मार्ट मोबाइल फोन उपलब्ध करवाने के लिए 10 अगस्त को इंदिरा गांधी स्मार्ट फोन योजना का आगाज होगा। जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि 10 अगस्त से योजना के प्रथम चरण के तहत जयपुर जिले में 1 लाख 91 हजार 548 लाभार्थियों को स्मार्ट फोन दिये जायेंगे। प्रथम चरण में चयनित चिरंजीवी परिवारों की एकल नारी/विधवा महिलाओं, सरकारी विद्यालयों की कक्षा 9-12 में अध्ययनरत छात्राओं, सरकारी आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक तथा संस्कृत महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं एवं नरेगा में 100 कार्य दिवस पूर्ण करने वाले परिवारों की महिला मुखियाओं तथा इंदिरा गांधी शहरी रोजगार योजना में 50 कार्य दिवस पूर्ण करने वाले परिवारों की महिला मुखियाओं को लाभांवित किया जाएगा।

### 6 स्थानों पर तथा 22 ब्लॉक मुख्यालयों पर होगा वितरण

कलक्टर ने बताया कि जयपुर शहर में 6 स्थानों पर तथा 22 ब्लॉक मुख्यालयों पर स्मार्ट फोन वितरण हेतु शिविरों का आयोजन किया जायेगा। चयनित लाभार्थियों को शिविर में तिथिवार आमंत्रित करने के लिये लाभार्थियों के पास प्रशासन द्वारा एसएमएस के माध्यम से सूचित किया जायेगा तथा एक पर्ची भी भेजी जायेगी जिसमें शिविर की तिथि, स्थान एवं शिविर में आते समय लाने वाले दस्तावेजों की सूची अंकित होगी।

लाभार्थी को शिविर में आते समय अपने साथ अपना जनाधार कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा जनाधार कार्ड में दर्ज मोबाइल फोन लाना आवश्यक होगा। अध्ययनरत छात्राओं अपने साथ आईडी कार्ड/एनरोलमेंट कार्ड, विधवा नारी को पीपीओ साथ लाने होंगे।

### यह रहेगी स्मार्ट फोन प्राप्त करने की प्रक्रिया

सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के उपनिदेशक श्री ऋतेश कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर में आईजीएसवाई पोर्टल पर लाभार्थी का ई-केवाईसी किया जायेगा। पोर्टल पर लाभार्थी का जनाधार नं डालकर उसके विवरणों को सत्यापित किया जायेगा, सत्यापित होने की दशा में लाभार्थी द्वारा अपने साथ लाये गये मोबाइल फोन पर जनाधार ई-वॉलेट इंस्टॉल किया जायेगा।

इसके बाद लाभार्थी के पैन कार्ड का विवरण आईजीएसवाई पोर्टल पर दर्ज करने के बाद तीन प्रकार के फॉर्म प्रिंट करके उसे दिये जायेंगे। इसके बाद लाभार्थी इन फॉर्म को लेकर मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनी के काउंटर पर जाकर सिम का एवं डाटा प्लान का चयन करेगा, इसके बाद मोबाइल कंपनी के काउंटर पर जाकर अपनी इच्छा अनुसार मोबाइल फोन का चयन करेगा। इस सब के बाद भरे हुए फॉर्म को लेकर अंतिम काउंटर पर जायेगा जहां उपस्थित कार्मिक उसके फॉर्म में अंकित सूचनायें एवं लाभार्थी द्वारा प्रस्तुत समस्त दस्तावेजों को स्कैन कर आईजीएसवाई पोर्टल पर दर्ज एवं अपलोड करेगा । यह प्रक्रिया पूरी होते ही लाभार्थी द्वारा लाये गये फोन में पूर्व में इंस्टॉल किये गये ई-वॉलेट में राज्य सरकार द्वारा कुल 6800 रुपये हस्तांतरित कर दिये जायेंगे। इस राशि का उपयोग कर लाभार्थी पूर्व में चयन किये गये मोबाइल फोन तथा सिम प्राप्त कर सकेगा। यहां राज्य सरकार द्वारा लाभार्थी के ई-वॉलेट में 6125 रुपये मोबाइल फोन के लिये तथा 675 रुपये सिम कार्ड मय इंटरनेट डाटा प्लान के लिये हस्तांतरित किये जायेंगे। राज्य सरकार द्वारा अप्रैल 2024 एवं अप्रैल 2025 में भी इंटरनेट हेतु प्रति वर्ष 900 रुपये हस्तांतरित किये जायेंगे। साथ ही ऋतेश कुमार शर्मा ने यह भी बताया कि लाभार्थी को शिविर में आते समय उसके जनाधार कार्ड में दर्ज मोबाइल नम्बर वाला मोबाइल उसके साथ लाना आवश्यक होगा। अगर लाभार्थी का मोबाइल नं बदल गया है तो वह शिविर में आने से पूर्व ई-मित्र पर जाकर अपने जनाधार में अपना नया नम्बर दर्ज करवा लें।

## वोटर लिस्ट में संशोधन के लिए 21 से अभियान

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर।** नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए तैयार हुई वोटर लिस्ट में संशोधन करने के लिए निर्वाचन आयोग 21 अगस्त से विशेष अभियान चलाएगा। इसे देखते हुए प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग ने चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादलों पर रोका लगाने के आदेश जारी किए हैं। आदेशों के मुताबिक वोटर लिस्ट में नाम संशोधन करने, नया नाम जोड़ने, हटाने के लिए 21 अगस्त से विशेष पुनरीक्षण अभियान शुरू होगा। यह अभियान 4 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादलों पर भी रोक रहेगी। अभियान के तहत तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टर और बीएलओ के तबादले नहीं हो सकेंगे।प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग की उपशासन सचिव की ओर से आदेश जारी के मुताबिक फोटोयुक्त मतदान सूचियों के कार्यक्रम से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों के स्थानांतरण पर रोक रहेगी। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अवधि में अति आवश्यक मामलों में आयोग, मुख्य निर्वाचन अधिकारी की पूर्व अनुमति से ही इन अधिकारियों, कर्मचारियों के स्थानांतरण किए जा सकेंगे।

| पूर्वानुमान> | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम> | 33°c | 32°c | 31°c | 31°c |
| न्यूनतम> | 27°c | 27°c | 26°c | 26°c |

28°

# लॉयन्स एवं लियो क्लब कुचामन फोर्ट की कार्यकारिणी को दिलाई गई सेवा कार्यों की शपथ

सितारा न्यूज नेटवर्क

**कुचामनसिटी (अनिल सिखवाल**। लॉयन्स एवं लियो क्लब कुचामन फोर्ट की नई कार्यकारिणी का पदस्थापना समारोह मुख्य अतिथि पूर्व प्रान्तपाल लॉयन सुरेश गोयल, पदस्थापना अधिकारी पूर्व मल्टीपल चेयरपर्सन लॉयन अविनाश शर्मा, मुख्य वक्ता पूर्व उपप्रान्तपाल लॉयन सुधीर गोयल एवं विशिष्ट अतिथि लॉयन रमेशचंद बोहरा के आतिथ्य में आयोजित हुआ। निवर्तमान अध्यक्ष लॉयन द्वारकाप्रसाद कुमावत ने स्वागत उद्बोधन दिया। संस्थापक अध्यक्ष लॉयन राम काबरा ने कहा हमारा कर्म है सेवा हमारा धर्म है सेवा तथा आओ कुछ नया करें की भावना से क्लब ने निरंतर नेक कार्य कर निश्चित रूप से सेवा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए है। लॉयन सुधीर गोयल एवं लॉयन रमेशचंद्र बोहरा ने क्लब द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। लॉयन सुरेश गोयल ने कहा फेलोशिप के साथ सेवा ही विश्व के सबसे बड़े सेवा संगठन लॉयन्स क्लब का मुख्य उद्देश्य है। इस संगठन के सदस्य पीड़ित मानव की सेवा को सदैव तत्पर रहते है। पदस्थापना अधिकारी लॉयन अविनाश शर्मा ने रामायण की थीम पर एक अलग अंदाज में क्लब अध्यक्ष लॉयन पवन सांभरवाला, सचिव लॉयन रचित नंदवाना, कोषाध्यक्ष लॉयन मुरलीधर गोयल, उपाध्यक्ष प्रथम लॉयन आशीष जैन, द्वितीय लॉयन जितेन्द्रसिंह राजपुरोहित, प्रशासक लॉयन राम काबरा, सह सचिव लॉयन मुकेश मुंदड़ा, टेमर लॉयन शरद भोमराजका, मेंबरशिप चैयरपर्सन लॉयन विमल शर्मा, सर्विस चैयरपर्सन लॉयन मुरलीमनोहर स्नेही, एलसीआईएफ कॉर्डिनेटर लॉयन द्वारकाप्रसाद कुमावत, मार्केटिंग चैयरपर्सन लॉयन महावीर मुंदड़ा तथा निदेशक मंडल में लॉयन पवन जैन, लॉयन सुभाष मदान एवं लियो क्लब अध्यक्ष लियो अमन जैन, सचिव लियो कुणाल शर्मा, उपाध्यक्ष लियो अविनाश जैन, सर्विस चेयरपर्सन लियो तरुण सोनी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। लॉयन गिरिराज रांदड़, विजेन्द्रसिंह भावता, अनिलसिंह मेड़तिया, नारायण भोमराजका, राजकुमार सोनी, मुन्नालाल रामचंद्रका, सुमित जैन, चिरंजीलाल अग्रवाल, दिनेश डालुका, कमल सोनी, अनिता अग्रवाल, रेखा काबरा, संतोष कुमावत, रिचा जैन, मीनू अग्रवाल ने भामाशाह रामअवतार सीताराम अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट के तेजपाल पुनीत सांभरवाला, दामोदरलाल गोपाललाल झंवर एवं रक्तदान शिविर के सहयोगी श्री मानदास सेवा समिति, लाखाराम कुमावत तथा मिशन बरगद टीम एवं पत्रकार बंधुओं का सम्मान ओर उपस्थिति लॉयन्स क्लब परबतसर अध्यक्ष इकबाल मोहम्मद छिपा, अनिल जोशी, रामेश्वरलाल टाक, जीतमल जांगिड़, रजत नंदवाना, गोरधन जांगिड़, मकराना क्लब सचिव रंजीत राजपुरोहित, बिजयनगर के जीएल यादव, चिरंजीलाल नवाल, एस एस अग्रवाल, जोधपुर के सुरेश राघवानी, नगरपरिषद उपाध्यक्ष हेमराज चावला, जीएसटी निरीक्षक राजेश कुमावत, कुचामन विकास समिति सचिव बनवारीलाल मोर, संगीत सदन अध्यक्ष नटवरलाल वक्ता, कमलदादा पहाड़ीया, महावीर इंटरनेशनल अध्यक्ष रामअवतार गोयल, सुभाष पहाड़ीया, गौशाला अध्यक्ष नंदकिशोर बिड़ला, मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी सचिव अकीक उस्मानी, माहेश्वरी समाज अध्यक्ष मोहनप्रकाश मालपानी, सचिव संपत सोमानी, सेवा समिति सचिव सुशील काबरा, ज्ञानाराम रणवा, प्रभु पोषक, नरसी बुड़सुवाला, सुरेश सिखवाल आदि का अभिनंदन किया। अध्यक्ष लॉयन पवन सांभरवाला ने क्लब के सभी सदस्यों के सहयोग से सेवा कार्य करने के बारे में कहा। लॉयन पवन जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन लॉयन आशीष जैन ने किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




## मुख्यमंत्री महोदय के नाम अतिथि अनुदेशकों ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, स्थाई करने की मांग



सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर/अंकित गोयल**। अनुदेशकों ने धौलपुर जिला कलेक्टर महोदय को दिया ज्ञापन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में कार्यरत अतिथि अनुदेशकों ने संविदा सिविल सेवा नियम 2022 के तहत नियुक्ति देने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा है उन्होंने कहा अगर हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो सरकार के खिलाफ जयपुर में बड़ा आंदोलन करेंगे मुख्यमंत्री महोदय से निवेदन है कि हमारी मांगों को जल्द से जल्द पूरी करें इस अवसर पर शिवकुमार शर्मा, हरिओम त्यागी, अजमेर सिंह, मंगल सिंह, भूपेंद्र सिंह, हजारी मीणा, मुन्ने खान, आदिल खान, सोहेब खान, जावेद खान, जनक सिंह मीणा, अनीता सिंह, विनोद पिपेश, राकेश शर्मा, अर्चना शर्मा, दिनेश कुमार ,शिव शंकर जादोन निजामुद्दीन खान, अरविंद आदि कार्मिक उपस्थित रहे।

## रोडवेज की फ्लाइंग ने 71 यात्री बिना टिकट के पकड़े

**जयपुर**। राजस्थान रोडवेज की विजिलेंस टीम ने 56 बसों में रैंडम चैकिंग की। इसमें 71 यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करते पकड़ा। इस दौरान इन यात्रियों से किराया और जुमार्ने के 13 हजार रुपए से ज्यादा की रकम वसूली गई। इन बसों में कॉन्ट्रेक्ट पर लगे दो बस सारथियों को ब्लैक लिस्ट करने, जबकि परमानेंट कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए है।

रोडवेज के एमडी नथमल डिडेल ने बताया- मुख्य प्रबन्धकों के नेतृत्व में 7 विशेष टीमें बनाकर पूरे राज्य में अलग-अलग रूटों पर बस चैकिंग के लिए भेजा गया। इस दौरान उत्तर प्रदेश, बीकानेर, जैसलमेर, भीलवाड़ा, राजसमन्द, गुजरात, आबूरोड़, जालोर, हनुमागढ़ और तारानगर के रूटों पर जाने वाली 56 बसों का चैक किया गया। इन 56 में से 10 बसों में 71 यात्री बिना टिकट के यात्रा करते पकड़े गए। बिना टिकट पकड़े गए इन यात्रियों से 2487 रुपए किराया राशि के पेटे और 10 हजार 840 रुपए जुमार्ना राशि के पेटे वसूल किए गए। इसके साथ ही टीम ने इन बसों में काम करने वाले कंडक्टरों के खिलाफ कार्यवाही की सिफारिश की गई।

## रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना ने भागवत सप्ताह कार्यक्रम में की शिरकत

***क्षेत्र में अनेक सेवानिवृत्त कार्यक्रमों में भी शामिल हुए प्रधान प्रतिनिधी मीना***

***उकेरी में कपिल मुनि बाबा के स्थान पर चल रही है भागवत कथा***

सितारा न्यूज नेटवर्क



**रैणी (अलवर)महेश चन्द मीना**। अलवर के रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना रिटायर्ड चीफ इंजीनियर ने सोमवार 31 जुलाई को क्षेत्र मे विभिन्न जगह पर दौरा किया। उकेरी मे कपिल मुनि बाबा के आश्रम पर चल रही सप्ताह भागवत कार्यक्रम मे शिरकत की और वहा पर उपस्थित श्रोताओ पर मिठाईयो की तथा पुष्प वर्षा की तथा बालक दास महाराज तथा अनेक सन्तो का आशिर्वाद लिया तथा भागवत कथा का आनन्द लिया एवं इस दौरान स्थानीय पंच पटेलो के द्वारा प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना रिटायर्ड चीफ इंजीनियर का फूल मालाओ और साफा बांधकर स्वागत सत्कार किया। इसी तरह से प्रधान प्रतिनिधी मीना ने अनेक सेवानिवृत्त कार्यक्रमो मे भी भाग लिया जैसे कि परबैणी गांव मे गाजी राम अध्यापक और समर्थ लाल मास्टर रिटायर्ड कार्यक्रम मे तथा बीलेटा स्कूल से राजेंद्र प्रसाद मीना अध्यापक रिटायर्ड कार्यक्रम सहित अनेक कार्यक्रमो मे शामिल हुए। इस दौरान स्थानीय लोगो द्वारा भी मीना का खूब स्वागत सत्कार किया। मिडिया को यह सारी जानकारी आरडी बैरावण्डा के द्वारा दी गई है।



### कार्यक्रम का उद्घाटन रैणी बीडीओ कालूराम मीना के द्वारा किया

## रैणी के गढ़ीसवाईराम कस्बे में ईवीएम प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना**। अलवर के रैणी उपखंड क्षेत्र के गढ़ीसवाईराम कस्बे मे निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी राजगढ के निर्देशन मे स्वीप कार्यक्रम के तहत उत्कर्ष मानव विकास संस्थान गढ़ीसवाईराम मे 31 जुलाई 2023 को विशेष योग्यजनो के लिए ईवीएम प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका उदघाटन रैणी बीडीओ कालूराम मीना के द्वारा किया गया इस दौरान बीडीओ कालूराम ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव मे विशेष योग्यजनो का मत डालने के लिए मनोबल बढ़ाना है और उन्हे सेरिब्रल प्रणाली से भी मत डालना सिखाया अर्थात आगामी चुनाव मे द्विव्याग व विशेष योग्यजन भी मतदाता के रूप मे अपनी सहभागिता दिखा सके इसलिए ही एम आर श्रेणी के भावी मतदाताओ को स्वीप टीम द्वारा ईवीएम प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम मे उत्कर्ष मानव विकास संस्थान के निदेशक आर सी मीना, राधेश्याम मीना स्वीप टीम प्रभारी, संतोष मीना, रविशंकर मीना, प्रमोद कुमार जैन, जय लायंस क्लब गढ़ीसवाईराम, सरपंच प्रतिनिधी धर्मचन्द बैरवा, रामजीलाल फनेट्या तथा प्रशिक्षणार्थी भावी मतदाताओ मे अमित टाक, मोना, अनुज एवं विशेष योग्यजनो के परिजन शामिल रहे।



## राष्ट्रीय वृक्षरोपण अभियान का भूमिका ऑपरेटिंग सिस्टम सोसायटी तुंगा की और से हुआ भव्य आयोजन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**बस्सी(रामफूल मीणा)**। राष्ट्रीय वृक्षरोपण अभियान का भूमिका ऑपरेटिंग सिस्टम सोसायटी तुंगा की और से हुआ भव्य आयोजन इस दौरान बॉस एनजीओ संस्था के संस्थापक रामकेश मीणा ने बताया कि राष्ट्रीय वृक्षारोपण कार्यक्रम में राष्ट्रीय वृक्षरोपण अभियान कार्यक्रम किया जिसमें आयोग किसान विकास ट्रस्ट भारत हन सहयोग संस्था भूमिका ऑपरेटिंग सिस्टम सोसायटी तुंगा जयपुर राजस्थान राष्ट्रीय अध्यापक पीआर मीना, धनफूल मीना कृषि व्याख्याता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हिम्मतपुरा व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अनंतपुरा में वृक्षरोपण कार्यक्रम किया गया प्राचार्य रघुवीर शरण शर्मा ,बॉस एनजीओ संस्था से रामकेश मीना मुकेश मीना हरकेश मीना मन्नालाल डीलर वृक्षों को देखरेख करने की जिम्मेदारी ली राम रतन मीना रामलाल मीना वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न होने के बाद शपथ लेते हुए बताया कि आज जो वृक्षारोपण कार्यक्रम हुआ है उन सभी पौधों की पूरी जिम्मेदारी कर्तव्य के साथ निभाएंगे और इस दौरान कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे



# पूर्वी राजस्थान में निकाली जा रही सामाजिक शक्ति निर्माण यात्रा





सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर/अंकित गोयल**। दलित समाज के बीच राजनीतिक सामाजिक चेतना निर्माण के लिए पूर्वी राजस्थान में निकाली जा सामाजिक शक्ति निर्माण यात्रा धौलपुर के राजाखेड़ा से शुरू होकर कई गांवों से होकर निकली, यात्रा के संरक्षक पूर्व भारतीय प्रशासनिक अधिकारी पी सी बेरवाल ने बताया कि यह यात्रा कमजोर वर्ग को उनके अधिकारों के प्रति सजग बनाने के लिए है, कमजोर वर्ग को उनके लिए बनाई गई योजनाएं, प्रशासनिक मशीनरी की शिथिलता के चलते प्रभावी तरह से लागू नहीं हो पर रही है। स्वस्थ्य लोकतंत्र के लिए यह जरूरी है कि वोटर जागरूक होकर बिना किसी भय व लालच के अपने मताधिकार का प्रयोग करें। वहीं इस यात्रा को कॉर्डिनेट कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता धर्मेंद्र कुमार जाटव ने बताया कि इस यात्रा के माध्यम से वे दलित समाज को सामाजिक आर्थिक मुद्दों पर लामबंद करना चाहते है, आज कमजोर वर्ग के युवाओं में रोजगार का संकट बहुत बड़ी समस्या बन गई है, सरकारी की स्वरोजगार मूलक योजनाएं गरीब वंचित समाज तक नही पहुंच पा रही है। इस यात्रा के माध्यम से हम देश की राजनीतिक प्रक्रिया को रचनात्मक तरह से प्रभावित करने का प्रयास करना चाहते है। यात्रा के आयोजन में में अमृत सिंह, लक्ष्मीकांत भारतीय, अंकुर जाटव, ताराचंद आदि लोग शामिल है

## पंचाग

दिनांक: 01 अगस्त 2023 मंगलवार

विक्रम संवत2080 अधिक श्रावन शुक्ल पक्ष


| | | | |
|---|---|---|---|
| तिथि | पूर्णिमा | 24:00:44 | |
| पक्ष | शुक्ल | | |
| नक्षत्र | उत्तराषाढा | 16:02:03 | |
| योग | प्रीति | 18:51:06 | |
| करण | विष्टि भद्र | 13:57:21 | |
| करण | बव | 24:00:44 | |
| चन्द्र राशि | मकर | | |
| सूर्य राशि | मिथुन | | |
| दिशा शूल | उत्तर | | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 05:52:15 | |
| सूर्यास्त | 19:13:51 | | |
| चंद्रोदय | 19:18:10 | | |
| चंद्रास्त | 06:19:06 | | |
| राहू काल | 15:53 - 17:34 | | |
| अभिजित | 12:06 - 13:00 | | |
| | **शुभ चोघडिया** | | |
| चर | 09:13 - 10:53 | | शुभ |
| लाभ | 10:53 - 12:33 | | शुभ |
| अमृत | 12:33 - 14:13 | | शुभ |
| शुभ | 15:53 - 17:34 | | शुभ |



**विशेष जानकारी**
**पूर्णिमा व्रत:-आज**

ज्योतिषाचार्य
**भानुप्रकाश शास्त्री**

## विश्व शांति और खुशहाली के लिए सवा लाख महामृत्युंजय मंत्रों का होगा जाप



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रोहन शर्मा आमेर**। राजधानी जयपुर के (आमेर) स्थित श्री ठाकुर जी सीताराम जी के मंदिर मेहन्दी का बास में सावन मास के महीने में सवा लाख महामृत्युंजय मंत्रों का महाजाप किया जाएगा

मंदिर परिसर के महंत ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि महाजाप में 51 जोड़ो द्वारा आहुति देते हुए विश्व शांति और देश में खुशहाली की कामना की जाएगी 86 विद्वान पंडितों द्वारा सवा लाख महामृत्युंजय मंत्रों का महाजाप किया जाएगा तथा भगवान शिव को देश की विभिन्न नदियों के पानी का जलाभिषेक कराया जाएगा भगवान शिव को बिलपत्र अर्पण कर सवा लाख बिल पत्रों की झांकी भी सजाई जाएगी 56 प्रकार के फल व फूलों की झांकी को भी इसमें समिल्लित किया गया है साथ ही भगवान शिव की भव्य बर्फ की झांकी के साथ-साथ छप्पन भोग की आरती व भस्म आरती भी की जाएगी कार्यक्रम के समापन पर कन्या भोजन और विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जायेगा।

## सतरंगी कार्यक्रम के तहत मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)**। कंचन देवी जैन उच्च माध्यमिक विद्यालय हिंदी और अंग्रेजी माध्यम में सतरंगी कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता का विद्यालय परिसर में आयोजन हुआ। जिसमें कक्षा नाइंथ से ट्वेल्थ तक की सभी छात्राओं ने बड़े उत्साह एवं उल्लास के साथ भाग लिया । अंग्रेजी व हिंदी माध्यम के प्रधानाचार्य भरत पालड़िया व बी.एल. सोनी ने बताया कि मेहंदी प्रतियोगिता में अंग्रेजी माध्यम से कक्षा दशम की नताशा व बारहवी की चेतना संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रही। वहीं नवम(अ) से मुस्कान व दशम से नेहा द्वितीय स्थान पर रही। हिंदी माध्यम में बारहवी आर्ट्स की जिज्ञासा जैन मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही। व टेंथ की सोनाक्षी द्वितीय स्थान पर रही। इसी प्रकार रंगोली प्रतियोगिता में अंग्रेजी माध्यम में तनिष्का एवं भूमि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं निशा और कविता एलवेन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शाला के निदेशक दौलत राज तातेड़ एवं सह निदेशक सुयश तातेड़ ने विजेता छात्राओं को स्मृति चिन्ह प्रदान करके शुभकामनाएं एवं बधाइयां प्रेषित की है

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ में वृक्षारोपण दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** शहर के निकटवर्ती आई. ओ. सी कॉलोनी स्थित वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ में सोमवार को वृक्षारोपण दिवस मनाया गया उक्त अवसर पर वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख एवं निर्देशक डॉ. आर सी लोढा के स्नेहिल सानिध्य में छात्रों द्वारा 21 पौधों को रोपण किया गया तथा डॉ. नरेन्द्र पारख ने बच्चों को वृक्षों के महत्व और वृक्षारोपण के उद्देश्यों से सरोकार करवाया एवं डॉ. आर सी लोढा ने वृक्षों की देखभाल के विषय में विस्तृत जानकारी दी उक्त मौके पर विद्यालय के नन्हे मुन्नों द्वारा ग्रीन डे भी मनाया जिसके अंतर्गत बच्चों ने हरे रंग से चित्रकारी की हरियाली के इस उत्सव ने छात्रों और शिक्षकों के चेहरों को प्रफुल्लित कर दिया है।

### ओआरएस जीवन रक्षक पुनर्जल घोल सप्ताह का हुआ समापन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** बीकानेर 31 जुलाई को ओ आर एस जीवन रक्षक पुनर्जल घोल सप्ताह के अंतिम दिन पीबीएम के शिशु अस्पताल में एक क्विज का आयोजन किया गया। हर वर्ष 25 से 31 जुलाई तक इस सप्ताह को मनाया जाता है ।इस पूरे सप्ताह में अनेक कार्यक्रम पीबीएम शिशु रोग विभाग में आयोजित किए गए ,जिसमें बच्चों के अभिभावकों को जीवन रक्षक घोल के बारे में बताया गया। विदित है की केवल इस घोल के प्रयोग से दस्त के द्वारा पानी की कमी आने पर जो बाल मृत्यु दर है उसमें 93% कमी आ जाती है।सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के बाल व शिशु रोग विभागाध्यक्ष

डॉ आर के सोनी जी के अध्यक्षता में आयोजित क्विज कार्यक्रम में सीनियर प्रोफेसर डॉ जी एस सेंगर,डॉ मुकेश बेनीवाल, डॉ पवन डारा , डॉ अनिल लाहोटी , डा सारिका स्वामी, डा लक्ष्मण सिद्ध, क्विज मास्टर डा अनुभव चौधरी व बीकानेर पीडियाट्रिक सोसाइटी के सचिव डॉ श्याम अग्रवाल उपस्थित थे। क्विज में डॉ गौरव ने प्रथम स्थान डॉ साहिल बंसल दूसरे स्थान व डॉ शिवांगी मित्तल ने तीसरी रैंक हासिल की। प्रोत्साहन स्वरूप इन सभी विजेता को टोकन ऑफ रिस्पेक्ट दिया गया ।पूरे सप्ताह के दौरान पीबीएम के शिशु रोग विभाग के सीनियर प्रोफेसर व रेजिडेंट सभी ने जनमानस को इस ओ आर एस के महत्व के बारे में बताया ।भारतवर्ष में दस्त रोग से पानी की कमी आने पर होने वाली मृत्यु दर को कम करने के लिए यह घोल एक तरह से संजीवनी का काम करता है, और बहुत ही आराम से घर में भी बनाया जा सकता है, ऐसे बताते हुए डॉक्टर पावन डारा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### जिला कलेक्टर बीकानेर को राशन डीलरों द्वारा 'राशन वितरण बहिष्कार' का दिया घोषणा का पत्र



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/श्रीडूंगरगढ़ बीकानेर।** बीकानेर जिले के राशन डीलरों ने राशन वितरण बहिष्कार करने का एक ज्ञापन विभिन्न मांगों का उल्लेख करते हुए दिया। बहुत ही मिलनसार सामाजिक कार्यकर्ता तथा श्री डूंगरगढ़ तहसील अध्यक्ष लछमी नारायण तावनिया ने बताया कि राजस्थान डीलरों की विभिन्न मांगों पर सरकार द्वारा कोई ध्यान नहीं दे ने के कारण यह निर्णय लिया गया है। राशन डीलरों की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है।ज्ञापन में मांग की गई है कि राशन डीलरों की मांग पूरी नहीं हुई तो एक अगस्त से बीकानेर जिले के राशन डीलर राशन वितरण का बहिष्कार करेंगे। ज्ञापन जिलाध्यक्ष मनोज गहलोत तथा लुणकरनसर खाजूवाला पुगल नोखा श्रीडूंगरगढ़ छतरगढ़ आदि के अध्यक्षो एवं पदाधिकारियों द्वारा दिया गया।

### पीपलेश्वर महादेव मन्दिर में सहस्त्रधारा का हुआ आयोजन

सितारा न्यूज नेटवर्क



**ब्यावर(अनिल सिखवाल।** पीपलेश्वर महादेव मन्दिर समिति की ओर से ब्रजमोहन लाल शर्मा नगर स्थित पीपलेश्वर महादेव मन्दिर में सहस्त्रधारा का आयोजन किया गया जिसमें कॉलोनी निवासियों द्वारा बढ़ चढ़ कर भाग लिया ।समिति कोषाध्यक्ष अनिल प्रजापति ने बताया कि पूजा में ग्यारह जोड़ो ने बैठकर पूजा अर्चना की तत्पश्चात मंत्रो- चारण से सहस्त्रधारा शुरू की गई ।श्रृंगार के पश्चात महाआरती के दर्शन किये जिसमें रितु शर्मा, दिनेश शर्मा, एडवोकेट टीकम सिंह चौहान, दयाल गुरनानी, चन्द्र प्रकाश पारवानी,अनिल किलावत, नृसिंह फतनानी, बाबूलाल भाटी, आर एल अरोड़ा, पार्षद राजेश शर्मा, प्रमोद गहलोत, विनोद माथुर, सुनिल झंवर, किरण शर्मा, गीता, तेजकरण गर्ग, महेन्द्र राठौड़, उर्मिला पारीक, शिल्पी, गिरिजा, भावना,दिक्षा, लता आदि लोगों ने भाग लिया । जिन्हे ठण्डाई व केले का प्रसाद वितरित किया गया

कठिन परिश्रम सफलता की कुंजी.... विष्णु महेरे

# प्रकाश कंपटीशन क्लासेजक हौद बाड़ी का वार्षिक उत्सव एवं सम्मान कार्यक्रम संपन्न

सितारा न्यूज नेटवर्क





**बाडी/अंकित गोयल।** प्रकाश कंपटीशन क्लासेज हौद बाडी के द्वारा बाड़ी के इतिहास में पहली बार किसी कंपटीशन क्लासेज द्वारा वार्षिक उत्सव एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित हुआ, कंपटीशन क्लासेज से गत वर्षों में सरकारी सेवा में चयनित छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाड़ी विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा रहे मलिंगा ने कहा कि भविष्य में छात्र-छात्राऐं मोबाइल फोन के दुरुपयोग से बचकर अपना भविष्य सुनिश्चित करें कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रणी समाज सेवी विष्णु महेरे ने की उन्होंने अपने उद्बोधन में अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतरता को जारी रखना एवं तैयारी कर रहे युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ लक्ष्य निर्धारित करने को कहा कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी है कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अखिलेश सारस्वत एवं महेश गिरदावर रहे कार्यक्रम का संचालन बहन नैंसी सोनी एवं कमल सिंह सर द्वारा किया गया तथा सम्मान समारोह में प्रमोद कुमार को पुलिस उपनिरीक्षक, वंदना शर्मा को व्याख्याता




,शहनाज को प्रधानाध्यापक, विनय सिंह को ग्राम विकास अधिकारी, मेदाराम व राकेश को रेलवे तथा शिवानी जाट को अध्यापक बनने पर सम्मानित किया गया, प्रकाश टीम ने बताया कि कोचिंग में STC , B.Ed, REET,ग्राम विकास अधिकारी ,शिक्षक, पुलिस, आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है इस कार्यक्रम के अंत में प्रकाश टीम से शेरा सर, विष्णु सारस्वत, गौरव सर ,रिंकू सर, यशवीर सर द्वारा सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया इस कार्यक्रम में समस्त अभिभावक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे

## टूटी सड़क से लोग परेशान, जिम्मेदार नहीं दे रहा ध्यान

**निवासियों द्वारा जिम्मेदारों को अवगत कराने के बावजूद परिणाम शून्य**

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** शहर के अलग-अलग ब्लॉक में रह रहे हजारों परिवार टूटी सड़कों से परेशान हैं। सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे आए दिन हादसों का कारण बन रहे हैं। आरोप है कि जिम्मेदार लोग कई बार शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं कर रहा है। गौरतलब है कि जवाहर नगर बाईपास रोड़ पुरी तरीके से टूट रही है यहां के स्थानीय निवासियों का आरोप है कि रोड़ के पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने के बावजूद भी लेकिन प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जवाहर नगर कच्ची बस्ती युवा विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष युगल खोड़ा ने ? बताया कि जवाहर नगर टीला नं 1 पर 3 महीने पहले रोड़ खोदकर बड़ी बिसलपुर की पाइप लाइन डाली गई थी जब से ही पूरा रोड़ खुदा हुआ है ना ही तो पीएचडी वाले रोड़ बना रहे हैं ना ही विधायक सुध ले रहे है यहां आए दिन एक्सीडेंट दुर्घटना होती रहती है जिससे लोग बहुत परेशान है।

## फूलचंद वर्मा की बायोग्राफी 'फूल से रंग' का लोकार्पण



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** प्रख्यात चित्रकार फूलचंद वर्मा की अंजू दुबे द्वारा लिखी बायोग्राफी 'फूल से रंग' का लोकार्पण रविवार को श्रीडूंगर महाविद्यालय के प्रताप सभागार में हुआ। शिवबाड़ी स्थिति लालेश्वर मंदिर के अधिष्ठाता विमशार्नंदजी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि, नाटककार व विचारक डॉ.अर्जुनदेव चारण थे। अध्यक्षता वरिष्ठ रंगकर्मी पत्रकार व साहित्यकार मधु आचार्य 'आशावादी' ने की। इस अवसर पर विमशार्नंद जी ने कहा कि कला काल से परे ले जाती है। एक साहित्यकार या कलाकार काल के अंदर रहकर काल के पार रचते हुए मन को निराशा और अंधकार से निकालने का प्रयास करता है ताकि हमारी पात्रता बढ़ सके, सीखने-समझने की प्रक्रिया प्रारंभ हो सके। उन्होंने कहा कि इस बायोग्राफी से एक कलाकार के जीवन-संघर्ष को भी समझने का अवसर मिलेगा। डॉ.अर्जुनदेव चारण ने कहा कि चित्रकला एक ऐसी लिपि है, जो तब अस्तित्व में थी जब शब्द भी नहीं था। उन्होंने विष्णु धर्मोत्तरम से छदंत हाथ की कहानी का उल्लेख करते हुए बताया कि आज भी प्राचीन चित्रवीथियों में छदंत हाथी मिलता है, जो हमें ईसा से दो शताब्दी पूर्व हमारे देश में कला-विकास की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि चित्रकार सिमिट्री का ध्यान रखता है, कवि इसे रिदम कहता है। वस्तुतः यही लय है, जिसे कोई भी रचनाकार साधने का प्रयास करता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मधु आचार्य 'आशावादी' ने कहा कि फूलचंद जी वर्मा भारतीय पारंपरिक चित्रकला शैली के बेजोड़े चित्रकार थे। उन्होंने समय के साथ जरूरी बदलाव को भी अपने चित्रों में व्यक्त किया, इसलिए मैं कह सकता हूं कि वे प्रगतिशील कलाकार थे।

लोकार्पित कृति पर पत्रवाचन करते हुए कवि-आलोचक नगेंद्र नारायण किराड़ू ने कहा कि यह बायोग्राफी एक ऐसे कलाकार कि है, जिन्होंने जीवनभर अपने कलाकर्म से ही वास्ता रखा। एक सच्चे कलाकार के रूप में फूलचंद से उनके व्यक्तिगत संपर्क रहे और बहुत कुछ सीखने को मिला।

बायोग्राफी की लेखिका अंजू दुबे ने अपने शोध के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि फूलचंदजी वर्मा की सहजता और सौम्यता से उन्हें सीखने को बहुत कुछ मिला। उन्होंने मुझे अपने समकालीन चित्रकारों से भी मिलवाया ताकि मेरे अंदर तुलना की दृष्टि विकसित हो सके। अंजू दुबे ने 'फूल से रंग' की पहली प्रति फूलचंदजी की धर्मपत्नी छगनी देवी को भेंट की।

इस अवसर पर फूलचंद वर्मा के 'ढोला-मारूइ एवं कालिदास के नाटक 'अभिज्ञान शाकुंतलमइ पर आधारित श्रृंखलाओं के चित्रों की प्रदर्शनी भी सभागार में लगाई गई थी।

इस अवसर पर बायोग्राफी की लेखिका अंजू दुबे, कलाकार कलाश्री, कवि अशीष पुरोहित व कथाकार ऋतु शर्मा को सम्मानित किया गया।

प्रारंभ में स्वागत वक्तव्य एबीआरएसएम के संगठन मंत्री दिग्विजयसिंह शेखावत ने दिया। आभार डूंगर महाविद्यालय में ड्राइंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर नरेंद्र कुमार ने स्वीकार किया। संचालन पत्रकार-कवि हरीश बी.शर्मा ने किया। इस अवसर बीकानेर के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## जयपुर में मरने-मारने की धमकी देकर महिला से रेपः न्यूड वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** जयपुर में मरने-मारने की धमकी देकर एक महिला से रेप करने का मामला सामने आया है। होटल में मिलने बुलाकर रेप कर उसका न्यूड वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया। किडनैप कर बंधक बनाकर उसके साथ रेप किया। गलतागेट थाने में पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ त्रक्कक्ष्दर्ज करवाई है। मामले की जांच रकइंद्रराज सिंह कर रहे है। पुलिस ने बताया- गलतागेट निवासी 35 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह अपने बच्चों के साथ पीहर भोपाल गई थी। फरवरी-2022 में भोपाल से जयपुर ट्रेन से आ रही थी। ट्रेन में अजय योगी नाम के लड़के से जान-पहचान हुई। बच्चों से ज्यादा बातचीत करने पर उसने मना कर दिया। किसी काम से उठकर जाने पर बच्चों से मोबाइल लेकर उसके नंबर ले लिए। जयपुर लौटने के बाद वह उसके मोबाइल पर कॉल करने लगा।

ब्लॉक स्तरीय राजस्थान युवा महोत्सव का हुआ आयोजन

## विजेता प्रतिभागियों का प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर किया सम्मान




सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर/अंकित गोयल।** राजस्थान युवा बोर्ड़ युवा मामले एवं खेल विभाग राजस्थान सरकार द्वारा प्रायोजित प्रदेश के युवाओं को मौका देने एवं उनकी प्रतिभा को निखारने एवं राज्य की दुर्लभ एवं लुप्त कला संस्कृति के संवर्धन व संरक्षण हेतु ब्लॉक स्तरीय राजस्थान युवा महोत्सव का ब्लॉक स्तरीय समिति एवं उपखण्ड प्रशासन धौलपुर द्वारा नगर परिषद सभागार धौलपुर में मुख्य अतिथि सभापति खुशबू सिंह एवं उपखण्ड अधिकारी अनूप सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के संयोजक एवं सचिव दामोदर लाल मीणा रहे। कार्यक्रम में 22 प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिसमें कठपुतली, शास्त्रीय संगीत, भपंग, खड़ताल, गायन, वादन, नृत्य, पोस्टर प्रतियोगिता सहित अन्य संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ो की संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त संभागीयों को प्रशस्ति पत्र, सील्ड देकर सम्मानित किया गया। मंच व्यवस्था पंजीकरण कार्य एवं कार्यक्रम में विभिन्न दायित्व का निर्वहन करने वाले अधिकारी कर्मचारियों सहित प्रतिभागीगण मौजूद रहे। सामूहिक लोक नृत्य में प्रथम श्रेया ग्रुप, द्वितीय संगीता ग्रुप एवं तृतीय स्थान पर संजना ग्रुप रहा। एकल नृत्य मणिपुरी में प्रथम सविता सैंगर द्वितीय स्वाती वर्मा रही। एकल नृत्य शास्त्रीय में खुशबू प्रथम रही। मार्शल आर्ट पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान विनीत शर्मा एवं महिला वर्ग में भावना कश्यप एवं मोहिनी द्वितीय रही। स्लोगन में दीपक, कुंजावती, भावना तथा कविता लेखन में नीलम, आकृति मंगल, प्रगति मंगल क्रमशः प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही। पैनल परिचर्चा में किशोर कुमार शर्मा, भपंग में विवेक कुमार ,मोरचंग में मनोज कुमार, कठपुतली में विवेक कुमार, खड़ताल में रोहित, फोटोग्राफी में चंद्रप्रकाश, आशुभाषण प्रतियोगिता में किशोर कुमार शर्मा, हारमोनियम में मनोज प्रथम स्थान पर रहे। क्ले मॉडलिंग में रेखा प्रथम व दुर्गेश द्वितीय स्थान पर रही चित्रकला में राहुल रेतवार, अंकिता, सोनू मीणा एवं पोस्टर प्रतियोगिता में भावना रामस्वरूप, भावना विजय सिंह, अरुणा जाटव एवं शास्त्रीय एकल गायन में अंजली अग्रवाल, अविनाश, रोहित क्रमशः प्रथम ,द्वितीय व तृतीय रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी धौलपुर के निर्देशन में कार्यक्रम में पधारे हुए अभिभावकों, अधिकारी कर्मचारीगण एवं प्रतिभागियों को मतदाता जागरूकता की सपथ दिलाई एवं मतदाता पोस्टर व बैनर बांटकर मतदाता जागरूकता अभियान से जुड़कर भागीदारी का आवाह्न किया।

**जगनेर तुर्कान पंचायत समिति रामगढ पचवारा (दौसा)**

क्रमांकः-ग्रापंजतु/ई-टेण्डर / 2023-24 /56 — दिनांक 27.7.2023

**ई-निविदा सूचना संख्या 01/2023-24**

पंचायत समिति रामगढ़ पचवारा जिला दौसा की अधीनस्थ ग्राम पंचायत जगनेर तुर्कान में वित्तीय वर्ष 2023-24 में महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत एवं ग्रामीण विकास एंव पंचायतीराज विभाग की विभिन्न योजनाओं में संचालित समस्त कार्यों के लिए निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मो / संवेदकों से दिनांक 31.03.2024 तक के लिए दर अनुबंध हेतु नियमानुसार ग्राम पंचायत स्तर पर ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया के माध्यम से ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसके NIB NO. RPW 2324A0030 एवं UBN NO. RPW2324 है। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in/ व www.eprod.rajasthan.gov.in पर दिनांक 01.08.2023 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 12.08.2023 को सांय 6:00 बजे तक देखी व डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है।

सरपंच — ग्राम पंचायत जगनेर तुर्कान

ग्राम विकास अधिकारी — ग्राम पंचायत जगनेर तुर्कान

## चिंतन

# अगर गलत किया है तो सजा मिलना जरूरी

देश में पैसे लेकर नौकरी देने का आरोप तो लंबे समय से लगते रहे हैं, लेकिन आजकल लैंड फॉर जॉब्स मामला सबसे ज्यादा चर्चाओं में हैं। इसी मामले में सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव और उनके परिवार की 6 करोड़ 2 लाख रुपये की संपत्ति अटैच की है। इसमें गाजियाबाद और बिहार की सभी संपत्ति शामिल हैं। इस मामले में लालू यादव उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी और बेटियां मीसा, हेमा से पहले ही पूछताछ की जा चुकी है। इस केस में तेजस्वी के अलावा 17 लोग शामिल है। इनमें कई अन्य नए बिचौलियों के नाम को भी शामिल किया गया है। लैंड फॉर जॉब्स मतलब जमीन के बदले नौकरी देना। पूरा मामला रेल मंत्री रहने के दौरान लालू यादव द्वारा रेलवे भर्ती से संबंधित है। लालू यादव पर वर्ष 2004 से 2009 तक जमीन के बदले लोगों को नौकरी देने का आरोप है। कहा तो यहां तक जा रहा है कि उन्होंने रेल मंत्री रहते हुए ही बिना कोई विज्ञापन जारी किए रेलवे में ग्रुप-डी की नौकरी के लिए कई लोगों की भर्ती की थी। जिन लोगों को ये नौकरी मिली उन्हें अपनी जमीन देनी पड़ी। कई लोगों को तो आवेदन देने के 3 दिन में ही नौकरी दे दी थी। इसमें लोगों को जबलपुर, मुंबई, छत्तीसगढ़ और जयपुर आदि जगहों पर लगाया गया था। जिन लोगों को नौकरी दी, उनसे रिश्वत में जमीन ले ली। लालू ने पत्नी राबड़ी और बेटी मीसा समेत कई परिजनों के नाम पर इन प्लॉट को लिया। नौकरी के नाम पर 12 लोगों से 7 प्लॉट सस्ते में या बिना कुछ दिए हासिल कर लिए। इस घोटाले को लेकर सीबीआई कई बार लालू समेत उनके करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी कर चुकी है। आरोप है कि उन्होंने लैंड फॉर जॉब घोटाले में बिहार के लोगों को ही नौकरी दी और करीब 4 करोड़ की जमीन 26 लाख में परिजनों के नाम करवा ली। ये सारे प्लॉट कुल मिलाकर करीब एक लाख स्क्वायर फीट से भी ज्यादा के थे। आईआरसीटीसी घोटाला भी लालू के रेल मंत्री रहते हुए 2004 में होने का आरोप है। 2004 में रेलवे बोर्ड द्वारा आईआरसीटीसी को रेलवे की कैटरिंग और होटलों की सेवा का पूरा जिम्मा सौंप दिया गया था। आरोपों के अनुसार, इस दौरान रांची के बीएनआर होटल की सेवा और विकास कार्यों के लिए जारी टेंडर में कई अनियमिताएं हुई थी। लालू यादव के रेल मंत्री रहते हुआ खूब प्रचार किया गया कि उन्होंने रेलवे की कायापलट दी। लगातार घाटे में चल रहे रेलवे को लालू मुनाफे में ले आए, लेकिन उनके पद से हटने के बाद एक बाद के बाद कई घोटाले खुले। नौकरी के बदले जमीन लेने का मामला तो अत्यंत गंभीर है। यह इसलिए कि चपरासी तक की नौकरी देने के बदले लोगों से जमीन अपने नाम करवा ली गई। अब यह मामला लालू परिवार के गले की फांस बना हुआ है। परिवार पर दिन प्रति सीबीआई और ईडी का शिकंजा कसता जा रहा है। सबसे पहले इस घोटाले की चिंगारी लालू प्रसाद यादव और राबड़ी यादव तक पहुंची और धीरे-धीरे पूरे परिवार को अपनी चपेट में ले लिया। सीबीआई का कहना है कि लालू के परिवार ने 1.05 लाख वर्ग फीट जमीन अलग-अलग लोगों से बेहद सस्ते दाम पर लेकर अपने नाम पर कर ली। जिनसे जमीन ली गई, उनके परिजनों को रेलवे में नौकरी दी गई। खास बात यह कि ये सारी जमीन एके इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के नाम पर ली गई, जो दिल्ली स्थित तेजस्वी यादव के मकान पर रजिस्टर्ड थी। बाद में इस कंपनी को 2014 में राबड़ी और मीसा ने अपने नाम कर लिया। उसके बाद से कंपनी की मालिक राबड़ी देवी है। अब पूरे मामले में जांच एजेंसियां लालू के परिवार पर शिकंजा कस रही हैं। होना भी चाहिए। अगर गलत किया है तो सजा मिलना जरूरी है। इस पर कोई हायतौबा करे तो करता रहे।

## सारा संसार



महाराष्ट्र में कोल्हापुर से 14 किलोमीटर की दूरी पर पुणे-बेंगलुरू राजमार्ग पर स्थित, चिन्मय गणधीश मंदिर पूरी दुनिया में हिंदू भगवान गणेश की सबसे ऊंची मूर्ति के लिए जाना जाता है। 24 फीट के आधार पर रखी गई यह प्रतिमा 61 फीट की ऊंचाई पर खड़ी है। इसका उद्घाटन 2001 में किया गया था।

## वर्ल्ड वाइड वेब दिवस

योगेश कुमार गोयल



# इंटरनेट की दुनिया में ले जाता है डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू

आज के आधुनिक युग में हम कम्प्यूटर या मोबाइल पर केवल एक क्लिक के जरिये ही बड़ी आसानी से किसी भी चीज के बारे में कोई भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और इसमें सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है वर्ल्ड वाइड वेब (डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू), जो वास्तव में एक ऐसी प्रणाली है, जो वेब पेजों, ऑडियो फाइलों तथा दस्तावेजों सहित हजारों ऑनलाइन संसाधनों को आपस में जोड़ती है। इस नेटवर्क के लिए संसाधन वेब सर्वर के माध्यम से उपलब्ध कराए जाते हैं, जो इंटरनेट पर वेबसाइटों के वास्तविक डेटा या संसाधनों को संरक्षित रखता है और उस डेटा तक वेब ब्राउजर के माध्यम से ही पहुंचा जा सकता है। सर्च इंजन के जरिये कुशलतापूर्वक और स्पष्ट रूप से जानकारी प्राप्त की जाती है। हालांकि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का वर्तमान पीढ़ी पर कुछ गलत प्रभाव भी पड़ रहा है लेकिन इंटरनेट दुनियाभर में करोड़ों लोगों को नया कौशल विकसित करने अथवा नई-नई जानकारियां प्राप्त करने या सीखने में मददगार भी साबित हो रहा है। डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू शब्द प्रतिदिन दुनियाभर में करोड़ों कम्प्यूटरों पर असंख्य बार टाइप किया जाता है, जो वास्तव में इंटरनेट की दुनिया की ऐसी चाबी है, जिसकी मदद से कोई भी इंटरनेट का उपयोग कर सकता है। डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू नामक इस मायावी शब्द को जन्म दिया था वर्ष 1989 में ऑक्सफोर्ड के क्वींस कॉलेज से ग्रेजुएशन कर चुके टिम बर्नर्स-ली ने। टिम बर्नर्स-ली को एक इंटरनेट-आधारित संचार प्रणाली विकसित करने में उनकी रचनात्मकता के लिए सम्मानित करने के लिए प्रतिवर्ष 1 अगस्त को 'वर्ल्ड वाइड वेब दिवस' मनाया जाता है। टिम बर्नर्स-ली ने वर्ल्ड वाइड वेब को 1989 में बनाया था, जो 1991 में पूरी दुनिया के लिए सुलभ हो गया। उन्होंने एचटीएमएल, एचटीटीपी, सर्वर, वर्ल्ड वाइड वेब ब्राउजर, तथा वेब के मूलभूत निर्माण खंड और इंटरनेट पर पहली वेबसाइट बनाई। वर्ल्ड वाइड वेब के अस्तित्व में आने के शुरूआती दो वर्षों के भीतर इंटरनेट पर 50 से ज्यादा वेबसाइटें थी। 1990 के दशक के मध्य तक विश्वभर में करीब एक हजार लोग ही इंटरनेट का उपयोग कर रहे थे। 1993 में इंटरनेट पर 'टेक्सट' के साथ-साथ पिक्चर्स व ग्राफिक्स का प्रसारण भी शुरू हो गया, जिससे धीरे-धीरे इसकी लोकप्रियता बढ़नी शुरू हो गई। वर्तमान में वेबपेज से जुड़ने या उसका निर्माण करने के लिए जो भी तरीके अपनाए जाते हैं, उनके पीछे बर्नर्स का ही दिमाग है। महत्वपूर्ण बात यह है कि बर्नर्स ली ने 'डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू' के माध्यम से इंटरनेट को लोकप्रिय बनाने का कार्य न तो किसी लालचवश ही किया और न ही इस आविष्कार के बाद उन्होंने इसका उपयोग पैसा कमाने के लिए किया। यही वजह रही कि उन्होंने अपने इस आविष्कार का कोई पेटेंट कराने के बारे में भी कभी नहीं सोचा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

# तकनीक की दुश्वारियां भी हैं




विचार

डॉ. संजय शुक्ला

साल 1976 में सत्यजीत रे की एक लघु फिल्म 'अनुकूल' आई थी जिसमें एक शिक्षक अपने काम को आसान करने के लिए अनुकूल नाम का रोबोट किराए पर रख देता है। शिक्षक के एक रिश्तेदार को जब यह पता चलता है तो वह बहुत आगबबूला होकर कहता है कि रोबोट के कारण ही उसकी नौकरी चली गई और वह बेरोजगार हो गया। बाद में रोबोट इस रिश्तेदार को इलेक्ट्रिक शॉक देकर मार डालता है। फिल्म में एक ट्रेड यूनियन लीडर द्वारा रोबोट के नाम पर शिक्षक को धमकाते हुए भी दिखाया है। सत्तर के दशक में बनी इस लघु फिल्म की कहानी अब इक्कीसवीं सदी में वास्तविक रूप में सामने आ रही है जब कृत्रिम मेधा यानि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस 'एआई' लोगों के हाथों से रोजगार छीनने लगी है। हाल ही में ई- कॉमर्स क्षेत्र की स्टार्टअप कंपनी 'दुकान' ने अपने 90 फीसदी कर्मचारियों को हटाकर उनकी जगह एआई पर आधारित 'चैटबोट' की सेवाएं ले ली है। कंपनी इस फैसले के खिलाफ सोशल मीडिया में तीखी प्रतिक्रिया देखी गई।

बहरहाल यह अभी शुरूआती रूझान है लेकिन आगे स्थिति और विकट होने की संभावना है। सूचना क्रांति के इस दौर में जब इंटरनेट टेक्नोलॉजी अपने विकास के चरम पर है तब विश्व समुदाय दोराहे पर खड़ा है कि वह विज्ञान के इस अविष्कार को वरदान माने अथवा अभिशाप ?आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के पक्ष और विपक्ष में इन दिनों दुनिया भर में बहस जारी है। एआई के हजारों वैज्ञानिकों और टेक्नोलॉजी कंपनियों से जुड़े मुख्य कार्यकारियों ने ओपनएआई और अन्य कंपनियों से चैटजीपीटी जैसे सिस्टम पर शुरुआत में ही काम रोकने की अपील की थी। दूसरी ओर कई इंडस्ट्री प्रमुखों और शोधकर्ताओं ने इसे संपन्नता लाने वाला बताया है लेकिन इसके नुकसान पर भी वे चिंतित हैं। एआई से बढ़ते खतरों का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि संयुक्त राष्ट्रसंघ की सुरक्षा समिति ने पहली बार कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर बैठक की है। बैठक में एआई से होने वाले अंतरराष्ट्रीय अशांति और अस्थिरता के मद्देनजर इसके इस्तेमाल के नियंत्रण के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्था बनाने पर विचार व्यक्त किया गया है। बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया है कि संयुक्त राष्ट्र संघ को साल 2026 तक एआई के जरिए स्वचालित हथियारों के उपयोग पर रोक लगाने संबंधी कानून पर सदस्य देशों के साथ बंधनकारी समझौता करना चाहिए।

गौरतलब है कि सोशल मीडिया फेक न्यूज के नाम पर पहले से ही बदनाम और अविश्वसनीय था लेकिन एआई ने इसे और विस्तार दे दिया है। इंटरनेट मीडिया में फोटोशॉप शब्द का चलन शुरुआत से ही है लेकिन एआई इमेज जनरेटर्स ने फोटोशॉप की क्षमताओं को काफी बढ़ा दिया है। यह तकनीक वास्तविक और डिजिटल छवियों को इस तरह से मिला देती है कि असली और नकली में कोई फर्क ही नहीं रह जाता। तकनीक का स्याह पक्ष यह कि बीते कुछ अर्सों में दुनिया के अनेक राष्ट्रप्रमुखों और सेलेब्रिटियों के आपत्तिजनक वीडियो और तस्वीरें इसके जरिए वायरल हुई है जो निजता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। दूसरी ओर दूसरी ओर न्यूज रेटिंग कंपनी न्यूजगार्ड के एक रिपोर्ट के मुताबिक इंटरनेट एआई चैटबॉट द्वारा दर्जनों फर्जी वेबसाइट्स में मनगढ़ंत और झूठी खबरों की भरमार है। ऐसे ही एक फर्जी वेबसाइट ने बीते अप्रैल में अमरीकी राष्ट्रपति बाइडेन की मौत और हैरिस के कार्यकारी राष्ट्रपति बनने की खबर ब्रेक की थी। एक अन्य इंटरनेट एआई वेबसाइट ने एक यूट्यूब वीडियो के आधार पर रूस-यूक्रेन युद्ध में हजारों सैनिकों के मारे जाने की मनगढ़ंत खबरें चलाई थी। अलबत्ता इंटरनेट तकनीक केवल फेक वीडियो और न्यूज पर ही सीमित नहीं है बल्कि अब इसका दखल पत्रकारिता और लेखन के क्षेत्र में भी बढ़ते जा रहा है। न्यूजगार्ड द्वारा अनेक वरिष्ठ पत्रकारों और लेखकों के नाम पर प्रकाशित खबरों और लेखों का जब पड़ताल किया गया तब पता चला कि पूरा खबर और लेख एआई की मदद से लिखा गया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के द्वारा हो रहे इस प्रकार के गलत गतिविधियों के मद्देनजर विशेषज्ञों की मानें तो आज के दौर में टेक्नोलॉजी आसान और सस्ती हो चुकी है तथा इसमें मानव संसाधन का खर्च भी नहीं हो रहा है फलस्वरूप आने वाले दिनों में मीडिया की विश्वसनीयता बहुत तेजी से खत्म होगी लिहाजा एआई कंपनियों को बहुत ज्यादा जवाबदेही और सतर्कता बरतने की जरूरत है ताकि झूठी खबरों और लेख से बचा जा सके।






अलबत्ता एआई रोजगार के क्षेत्र में गहरा असर डालेगा जिसकी शुरुआत देश और विदेश में कर्मचारियों के छटनी से होने लगा है। बीते साल पूरी दुनिया में सूचना तकनीक के करीब 1048 कंपनियों में 1.61 लाख लोगों की नौकरियां खत्म हुई है जिसकी इस साल तेजी पकड़ने की संभावना है। भारत के आईटी उद्योगों में नई नौकरियों में बीते एक साल में 65 फीसदी की कमी आई है। इस क्षेत्र के विशेषज्ञ गोल्डमैन सैक्शे के मुताबिक एआई कुछ सालों में 30 करोड़ नौकरियां निगल जाएगा वहीं मैकेंजी ने कहा है कि आने वाले पांच वर्षों में यह तकनीक लगभग 80 करोड़ रोजगारों पर असर डालेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल निजता, सभ्यता और रोजगार के लिए ही खतरा नहीं है बल्कि लोकतंत्र और मानव अधिकारों के लिए भी दुश्वारियां लेकर आया है। यह कहना गैर मुनासिब नहीं होगा कि देश और दुनिया की सियासत और चुनाव अब सोशल मीडिया के जरिए नियंत्रित होने लगे हैं तब एआई इन व्यवस्थाओं पर काफी असर डाल सकता है। वैज्ञानिकों की मानें तो यह उन देशों के लिए और भी ज्यादा खतरनाक हो सकता है जहां गैर निर्वाचित सत्ता है। विचारणीय है कि भारत जैसा देश जहां डिजिटल साक्षरता कम है वहां यह तकनीक लोकतंत्र के लिए खतरा बन सकती है। क्योंकि यह चुनाव अभियान में किसी भी पार्टी या राजनेता के बारे में फेक खबरों या विडियोज़ को असली के तौर पर फैला सकती है जो चुनाव परिणामों पर असर डाल सकता है। एआई अपराध और युद्ध जैसे अमानवीय कृत्यों को बढ़ावा देने में सहायक हो सकते हैं जो मनुष्यता के लिए त्रासदीदायक होगा।

बहरहाल हम एक ऐसे क्रांति के दोराहे पर खड़े हैं जब देश और समाज के सामने नये तकनीक का साकारात्मक और नकारात्मक दोनों पक्ष है।एआई के तमाम खामियों के बावजूद यह तकनीक मानव समाज के लिए वरदान है भी है। विशेषज्ञों की मानें तो एआई किसी भी काम को करने में लगने वाले समय को कम करता है तथा इसकी सेवाएं पूरे सप्ताह चौबीसों घंटे ली जा सकती है। इसके अलावा यह तकनीक मानव संसाधन के व्यय को कम करता है तथा यह नये बाजार बनाने की क्षमता रखता है। इस टेक्नोलॉजी ने हेल्थकेयर के क्षेत्र में काफी संभावनाएं पैदा की है जैसे रोगो के निदान तथा भविष्य में होने वाली बीमारियों की पूर्व सूचना इत्यादि महत्वपूर्ण है। ओपेनएआई का चैटजीपीटी - 4 डॉक्टरों के लिए काफी कारगर हो रहा जिसके जरिए वे मरीजों की काउंसलिंग और सेहत के लिए संभावित खतरों के बारे में बेहतर संवाद कर पा रहे हैं। डॉक्टरों के मुताबिक इस तकनीक से उन्हें मरीजों के मुश्किल सवालों को सुलझाने में मदद मिल रही है जिससे उनका समय,धन और ऊर्जा की बचत हो रही है। इसके बावजूद इस तकनीक पर बढ़ती निर्भरता चिकित्सा क्षेत्र के अनुसंधान और डॉक्टरों की दक्षता और कार्यकुशलता को प्रभावित कर सकती है जिसके लिए सचेत रहने की आवश्यकता है।

हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि एआई दुनिया और मनुष्य को न तो इंसान की प्राकृतिक बुद्धि की तरह समझ सकती और न ही ग्रहण कर सकती लिहाजा इस दोधारी तलवार के उपयोग पर सावधानी बरतने की जरूरत है। विचारणीय है कि कम्प्यूटर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमें संपन्नता और सुविधा तो दे सकती है लेकिन आत्मविश्वास और नैतिकता तो मनुष्य ही दे सकते हैं।आखिरकार इस तकनीक का अविष्कार भी तो मानव मस्तिष्क ने किया है जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता के मुकाबले ज्यादा बेहतर है। बहरहाल आज देश और दुनिया को एआई जैसे तकनीक के रचनात्मक और निरापद उपयोग के लिए जरूरी संतुलन,कानून व उपाय लागू करने की जरूरत है ताकि यह अविष्कार मानव समाज के लिए वरदान साबित हो न कि अभिशाप।

## जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना है?



संकलित

दर्शन

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना। सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं।

## बिन बुलाए किसी के घर न जाए



संकलित

प्रेरणा

माता सती के पिता प्रजापति दक्ष शिव जी को पसंद नहीं करते थे, क्योंकि शिव जी ने ब्रह्मा जी का पांच में से एक सिर काट दिया था। अपने पिता ब्रह्मा जी के साथ हुई इस घटना की वजह से दक्ष शिव जी को अपमानित करने के अलग-अलग अवसर खोजते रहते थे। दक्ष की पुत्री सती ने भगवान शिव से विवाह कर लिया था और दक्ष इस विवाह को रोक नहीं सके। विवाह के कुछ समय बाद दक्ष ने एक यज्ञ का आयोजन किया और इस यज्ञ में सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया, लेकिन शिव और सती को आमंत्रित नहीं किया। माता सती को नारद से मालूम हुआ कि उनके पिता दक्ष यज्ञ करवा रहे हैं। सती इस यज्ञ में जाने के लिए तैयार हो गईं। शिव जी ने देवी सती को समझाया कि बिना बुलाए हमें यज्ञ जैसे आयोजन में नहीं जाना चाहिए, लेकिन शिव जी के समझाने पर भी देवी नहीं मानीं और यज्ञ में चली गईं। जब सती यज्ञ स्थल पर पहुंची तो उन्होंने देखा कि यज्ञ में शिव जी के अतिरिक्त सभी देवी-देवता आए हुए हैं। सती ने पिता दक्ष से शिव जी को न बुलाने का कारण पूछा तो दक्ष ने शिव जी के लिए अपमानजनक बातें कहना शुरू कर दीं। शिव जी का अपमान सती सहन नहीं कर सकीं और उन्होंने हवन कुंड में कूदकर अपनी देह त्याग दी। जब ये बात शिव जी को मालूम हुई तो वे बहुत क्रोधित हो गए। शिव जी के क्रोध से वीरभद्र प्रकट हुए। इसके बाद शिव जी के कहने पर वीरभद्र ने यज्ञ स्थल को उजाड़ दिया और दक्ष का सिर काट दिया।

## सटाका





## आज की पाती

### प्रकृति का संरक्षण जरूरी

28 जुलाई को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस हर वर्ष मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य प्रकृति के संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। हम जिस थाली में खाएं उसी में छेद करना शुरू कर दें तो यह हमारी सबसे बड़ी नासमझी नहीं होगी तो और क्या होगा? प्रकृति हमें निस्वार्थ भाव से जीने के लिए सब कुछ देती है, लेकिन हम नासमझी बरतते हुए इसे ही नुकसान पहुंचा रहे हैं। अफसोस की बात है कि जिस प्रकृति ने इनसान को जीने के लिए निस्वार्थ भाव से इतना कुछ दिया है, आज इनसान ने उसी प्रकृति की नाक में दम अपने स्वार्थ के लिए कर दिया है। प्रकृति से खिलवाड़ के कारण आज धरती पर हर तरह का प्रदूषण बढ़ता जा रहा है, जो कि प्राणी जाति को पतन की ओर ले जाने का काम कर रहा है। अभी भी वक्त है कि इनसान को प्रकृति से छेड़छाड़ बंद कर देनी चाहिए।

*– राकेश पांडे, धमतरी*

## ट्रेंड

### 'गरीबों के मसीहा' मोदी



कांग्रेस ने दशकों तक देश में शासन किया लेकिन गरीबों के लिए कोई काम नहीं किया। मोदी ने गरीबों के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाए हैं, इसलिए आज पूरे देश में वो 'गरीबों के मसीहा' के रूप में जाने जाते हैं।

-अमित शाह, गृह मंत्री

### आनंद का रसायन बनाएं



यदि आप अपने सिस्टम को अच्छी तरह से मैनेज्ड या प्रबंधित करना जानते हैं, तो आप चिंता या दुख का नहीं, बल्कि आनंद का रसायन बनाएंगे तभी सब कुछ संभव हो पाएगा।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### दहलाने वाली कहानियां



जबकि मणिपुर को उथल-पुथल का सामना करना पड़ा, मोदी सरकार उदासीन दिखी। हमारे भारत गठबंधन के सांसदों ने राज्य का दौरा करने के बाद लोगों से दर्द की दिल दहला देने वाली कहानियां सुनीं। वे सभी समुदायों से जुड़े रहे।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### आप प्रगति पर



आप सदैव प्रगति पर हैं- आपके लक्ष्य समायोजित किये जा सकते हैं। आपका उद्देश्य विकसित हो सकता है। आपके कौशल को निखारा जा सकता है। आपका मन मजबूत हो सकता है। आदतें बनाई जा सकती हैं। आपके मूल्य बदले जा सकते हैं।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति





## करंट अफेयर

# यूरोप आक्रमण बर्दाश्त नहीं करेगा : यूरोपीय संघ



यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेन ने विवादित दक्षिण चीन सागर पर बीजिंग के दावे को अमान्य घोषित करने वाले यूरोपीय संघ के वर्ष 2016 के मध्यस्थता फैसले को दोहराते हुए सोमवार को चेतावनी दी कि यूक्रेन हो या फिर हिंद-प्रशांत क्षेत्र, यूरोप आक्रमण बर्दाश्त नहीं करेगा। वॉन डेर लेन ने आर्थिक, व्यापारिक और सुरक्षा संबंधों को बढ़ावा के मकसद से मनीला में फिलिपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर के साथ हुई बैठक के बाद एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। दोनों नेताओं ने घोषणा की कि 27 राष्ट्रों का समूह (यूरोपीय संघ) 2017 में मार्कोस के पूर्ववर्ती रोड्रिगो दुतेर्ते के शासन में ठप पड़े मुक्त व्यापार समझौते के लिए फिलिपीन के साथ बातचीत फिर से शुरू करेगा। वॉन डेर लेन ने यूक्रेन पर रूसी आक्रमण का हवाला देते हुए सुरक्षा सहयोग बढ़ाने की वकालत की और कहा कि यह दर्शाता है कि कैसे अधिनायकवादी नेता 'खतरे की परवाह किए बिना कुछ भी कर गुजरने को तैयार हैं।'उन्होंने कहा, यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध ने अंतरराष्ट्रीय नियमों की नींव को हिलाकर रख दिया है।

## ऑफ बीट

# स्टेम सेल से मानव भ्रूण बनाने पर शोध



कृत्रिम मानव भ्रूण – जिन्हें भ्रूण शरीर, भ्रूण जैसी संरचनाएं या भ्रूण मॉडल भी कहा जाता है – 'प्राकृतिक मानव भ्रूण' के विकास की नकल करते हैं, जो निषेचन द्वारा निर्मित होते हैं। सिंथेटिक मानव भ्रूण में 'कोशिकाएं शामिल होती हैं जो आम तौर पर भ्रूण, प्लेसेंटा और जर्दी थैली का निर्माण करती हैं, और रोगाणु कोशिकाओं के अग्रदूत बनने के लिए विकसित होती हैं (जो शुक्राणु और अंडे का निर्माण करेंगी)।'यद्यपि प्राकृतिक मानव भ्रूण से संबंधित अनुसंधान कई देशों में कानूनी है, फिर भी यह विवादास्पद बना हुआ है। कुछ लोगों के लिए, कृत्रिम मानव भ्रूण से जुड़ा शोध कम विवादास्पद है क्योंकि ये भ्रूण 'प्रसवोत्तर चरण के मनुष्यों के बराबर विकसित नहीं हो सकते हैं।' दूसरे शब्दों में, ये भ्रूण अव्यवहार्य हैं और इनसे आगे जाकर किसी का जन्म नहीं हो सकता। इसके अलावा, कुछ का मानना है कि सिंथेटिक मानव भ्रूण का निर्माण 14-दिन की सीमा से परे अनुसंधान की अनुमति देगा जो आमतौर पर प्राकृतिक मानव भ्रूण पर लागू होता है। लेकिन क्या ऐसा होगा? यू.के. कानून मानव भ्रूण के अनुसंधान उपयोग को विकास के 14 दिनों तक सीमित करता है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में अलवर ने जीते 7 पदक



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रुपेश शर्मा/अलवर।** अलवर जिला स्ट्रेन्थ लिफ्टिंग एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अंकित कौशिक ने बताया कि भारतीय स्ट्रेन्थ लिफ्टिंग फेडरेशन की ओर से उदयपुर में दिनांक 26 जुलाई से 31 जुलाई 2023 तक 33वीं राष्ट्रीय इंक लाईन बेंच प्रेस व स्ट्रेन्थ लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजित हुआ। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सांसद अर्जुन मीणा जी रहे। उक्त प्रतियोगिता में अलवर जिले के 12 खिलाडियों ने भाग लिया जिसमें सब जुनियर वर्ग के अन्तर्गत 52 किलो भारवर्ग में अलकुश कुरेशी ने इंकलाईन बेंच प्रेस में रजत व स्ट्रेन्थ लिफ्टिंग में स्वर्ण पदक, 85 किलो भारवर्ग में मनीश बसवाल ने इंकलाईन ब्रेंच प्रेस में रजत पदक, 85 किलो भारवर्ग में अजरूदीन ने स्ट्रेन्थ लिफ्टिंग में कांस्य पदक व 105 किलो भारवर्ग में रवि यादव ने बेंच प्रेस में स्वर्ण पदक प्राप्त किये। वही सिनियर वर्ग के अन्तर्गत 52 किलो भारवर्ग में अजय सिंह ने बेंच प्रेस में कांस्य पदक व 76 किलो भारवर्ग में रफीक मोहम्मद ने बेंच प्रेस में स्वर्ण पदक प्राप्त किये। जिला सचिव निरज कपूर ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में टीम कोच की भूमिका समन ओबराय व टीम मैनेजर राहुल यादव रहे। सभी विजेता खिलाडी नवम्बर 2023 में मलेशिया में होने वाली अन्तराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## श्री रामगढ़ मंडल भारतीय जनता पार्टी कार्यालय का किया उद्घाटन





सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा/अलवर।** कार्यालय पर सर्वप्रथम कलश की पूजा कर हवन किया गया। राष्ट्रीय प्रतिनिधि ज्ञानदेव आहूजा और अलवर दक्षिण जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने बताया कि आज रामगढ़ मंडल में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया गया है जिले के सभी 30 मंडलों पर पार्टी कार्यालय खोले जाएंगे। विधानसभा चुनाव को लेकर होने वाली सभी गतिविधियां का संचालन पार्टी कार्यालय से किया जाएगा पार्टी कार्यालय पर एक पार्टी कार्यालय प्रभारी रहेगा कार्यालय पर आने वाले कार्यकताओं की समस्या और सुझाव को सुनेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रतिनिधि ज्ञानदेव आहूजा अलवर दक्षिण जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, भाजपा युवा नेता जय आहूजा ,जिला महामंत्री रामअवतार चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह पाटा, रामगढ़ मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, महामंत्री नरेंद्र चौधरी, बगड़ तिराह मंडल अध्यक्ष सचिन पालीवाल, बड़ौदामेव मंडल अध्यक्ष देवाराम, पूर्ण मंडल अध्यक्ष छोटे लाल चौधरी, गोपाल ठेकेदार, पार्षद सरिता राज, सुभाष जैमिनी , जवाहर तनेजा ,सरदार रविंद्र सिंह , जेपी जाटव , खुशीराम, डालचंद मेघवाल, नवीन यादव, शिवम शर्मा, बृजेश खटिक, हरिओम चौधरी, प्रशांत , दिग्विजय,शुभम भाटिया उपस्थित रहे।

## श्री रामगढ मंडल एससी मोर्चा भारतीय जनता पार्टी ने किया प्रदर्शन





सितारा न्यूज नेटवर्क

**रूपेश शर्मा/अलवर।** दलित व आदिवासी समाज के लूटते स्वाभिमान को बचाने मे राजस्थान की फेल सरकार को तुरंत बर्खास्त करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। राजस्थान में दलित व आदिवासी समाज असहज और असुरक्षित महसूस कर रहा है। पिछले 4 साल 7 महीने मे कांग्रेस सरकार के शासन काल के दौरान दलितो पर अपराधो की संख्या तीन गुना बढ़ गई। भाजपा युवा नेता जय आहूजा ने बताया की लगातार दलितों पर हो रहे अत्याचार, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार ,पेपर लीक, बढ़ते तुष्टीकरण के विरोध में ज्ञापन दिया गया है। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह पाटा,रामगढ मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, मीनाक्षी आहूजा, पार्षद श्रीमती सरिता राज,बगड़ तिराहा मंडल अध्यक्ष सचिन पालीवाल, जिला सोसल मीडिया प्रभारीएससी मोर्चा अलवर दक्षिण दिनेश चौहान, कैलाश खंडेलवाल, पूर्व सरपंच कृष्ण यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष जेपी जाटव, खुशी राम, डालचंद् मेहरा, सुभाष जैमिनि, लक्की कुकरेजा, शिवम शर्मा, बृजेश खटिक, हरिओम चौधरी उपस्थित रहे।

# गांव-ढाणी में छुपी प्रतिभाओं को तलाश कर उनके कैरियर को निखार रही है गहलोत सरकार : विधायक अवाना







सितारा न्यूज नेटवर्क

**भरतपुर/नदबई।** देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष व नदबई विधायक जोगिंदर सिंह अवाना ने अपने विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नदबई और उपखण्ड उच्चैन पर राज्य सरकार द्वारा आयोजित युवा महोत्सव कार्यक्रम 2023 का विधायक ने दोनों उपखंडों पर पहुँच कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक ने ज्ञान की देवी सरस्वती मां की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर अभिभाषण देकर कार्यक्रम की शुरूआत की। विधायक का उच्चैन ब्लॉक में सीबीईओ गजेंद्र सिंह व नगर पालिका चैयरमैन विमला राजौरा ने विधायक को गुलदस्ता भेंट कर अभिवादन किया वही नदबई में उपखण्ड अधिकारी जोगेंद्र सिंह और तहसीलदार दिपा यादव ने विधायक को स्मृति चिन्ह भेंट कर विधायक का अभिवादन किया। वहीं, विधायक ने कार्यक्रम का शुभारंभ कर बड़ी संख्या में मौजूद कार्यक्रम में भाग लेने वाले युवाओं और छात्रों सहित कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार और सूबे के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत साहब की सोच है कि हर गांव गांव ढाणी ढाणी में छुपी प्रतिभाओं को वहां से निकालकर दुनिया के सामने उनके हुनर को दिखाने के लिए इस कार्यक्रम की शुरूआत की है जो कि आज से ब्लॉक स्तर पर शुभारंभ हो चुका है जोकि आगे चलकर जिला स्तर सहित राज्य स्तर तक पहुंचेगा जिसमें क्षेत्र की प्रतिभाओं को तरासने का काम किया जाएगा।

### टैलेंट दिखाने वाले को मिलेगा प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कार

विधायक ने बताया कि योजना से हर वर्ग और हर तबके के होनहार प्रतिभाशालीयों को मंच पर सीधा पहुँचने का मौका मिलेगा इसमें 24 गतिविधियों में से 18 गतिविधियों में जिनमें सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोकगयान, नाटक, शास्त्रीय एकल नृत्य, शास्त्रीय एकल गायन, आशुभाषण, कविता, फोटोग्राफि, पोस्टर बनाना, मूर्तिकला, हारमोनियम, ढोलक, योगा, मार्शलाट, लघुनाटिका, भरतनाट्यम, कत्थक, मणिपूरी जैसी गतिविधियों में संभागीयो ने भाग लिया है इन गतिविधियों में प्रथम स्थान द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दल एवं संभागी को पुरस्कार स्वरूप कलारत्न एवं प्रशंसा प्रमाण पत्र दिये जायेंगे जिसमें उच्चैन में विधायक द्वारा प्रतिभागी को स्मृति चिन्ह दिया गया। प्रतिभागी छात्रों ने राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का पोस्टर बनाया गया। इस युवा महोत्सव में नदबई ब्लॉक में 1223 पंजीयन हुए और उच्चैन में 280 पंजीयन हुए है विधायक ने मौजूद सभी संभागीयो को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### यह भी रहे मौजूद

इस मौके पर सीबीईओ गजेंद्र सिंह, सीबीईओ मुकुट सिंह, नगरपालिका उपाध्यक्ष पुष्पा अशोक उपाध्याय, दिलीप सिनसिनवार, शिवदयाल गोयल, नगरपालिका पार्षद संजय रौतवार, मदनलाल विहारिया, मोहन सिंह जाटव, पिंटा अरोड़ा, नितिन अग्रवाल, हरिसिंह बादशाह, सरपंच परसादिलाल जाटव सहित बड़ी संख्या में युवा महोत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभावान युवाओं सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## कानोड़िया पीजी में गणित एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा व्याख्यान कार्यक्रम

### मैथेमैटिकल सांइसेज एंड इट्स रोल इन कम्प्यूटेशनल एल्गोरिदम ऑफ ए.आई एंड एम.एल. विषय का किया व्याख्यान

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय जयपुर में गणित एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा मैथेमैटिकल सांइसेज एंड इट्स रोल इन कम्प्यूटेशनल एल्गोरिदम ऑफ ए.आई एंड एम.एल. विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने व्याख्यान की मुख्य वक्ता डॉ. ज्योति थानवी, सहायक आचार्य, यूनिवर्सिटी ऑफ बर्मिंघम, का स्वागत किया। डॉ. थानवी ने छात्राओं को गणित एवं सांख्यिकी विषय में कैरियर की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा मशीन लर्निंग में गणित एवं सांख्यिकी विषय की भूमिका के बारे छात्राओं को अवगत करवाया। कार्यक्रम में गणित एवं सांख्यिकी विभाग की प्राध्यापिकाओं सहित 100 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। विभागाध्यक्ष ऋषि दस्सानी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

*जयपुर में पड़ोसी ने किया युवती से रेप*

## विरोध करने पर किया शादी का वादा, बेटी के जन्म के बाद छोड़कर भागा

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** जयपुर में पड़ोसी के एक युवती से रेप करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर आरोपी ने शादी करने का वादा किया। लिव-इन-रिलेशनशिप में रहकर शादी का झांसा देकर देहशोषण किया। बेटी के जन्म के बाद शादी का दबाव बनाने पर मारपीट कर छोड़कर फरार हो गया। मानसरोवर थाने में पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। मामले की जांच रव्लड (मानसरोवर) हरिपाल सिंह कर रहे है। पुलिस ने बताया कि मानसरोवर निवासी 23 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। साल-2017 में वह किराए से रहकर जॉब कर रही है। पड़ोसी किराएदार ने उसे अपनी बातों में फांस लिया। शादी का वादा कर उसके साथ रेप किया। लिव-इन-रिलेशनशिप में रखकर पिछले 5 साल तक देहशोषण करता रहा। देहशोषण के दौरान प्रेग्नेंट होने पर एक बेटी को जन्म दिया ।शादी करने की कहने पर आरोपी गवर्नमेंट जॉब लगने तक रुकने की कहकर टालमटोल करता रहा। बेटी के बड़े होने की कहकर शादी कर गांव लेकर चलने का आरोपी पर दबाव बनाया। 24 जुलाई को शादी करने की बात को लेकर झगड़ा कर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। दोनों मां-बेटी को छोड़कर अपने गांव चला गया। कॉल करने पर उसका फोन भी उठाना बंद कर दिया। धोखे का एहसास होने पर पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

## 5 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली फोर लाइन सड़क का चिकित्सा मंत्री ने किया शिलान्यास

### बस स्टैंड पर डॉ. भीमराव अंबेडकर और बिरसा मुंडा की सर्किल बनेगा





सितारा न्यूज नेटवर्क

**वरुण कामदार/ रामगढ़ पचवारा।** उपखंड मुख्यालय पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने पुलिस थाना रामगढ़ पचवारा से उपखण्ड अधिकारी कार्यालय तक रामगढ़ पचवारा सड़क का चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण निर्माण कार्य का बस स्टेंड पर सोमवार को शिलान्यास किया। फिर उसके बाद नगर पालिका परिसर में शिलान्यास समारोह आयोजित हुआ। जिसमे चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा व सभी अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया, इस दौरान चिकित्सा मंत्री सभी पार्षदों को माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रधान डॉ कौशल्या मीणा, लालसोट प्रधान नाथू लाल मीणा, पूर्व चेयरमैन लालसोट दिनेश मिश्रा, रामगढ़ पचवारा चेयरमैन घनश्याम खटीक, ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा करवाए गए विकास कार्यों को गिनाया। चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने चेयरमैन घनश्याम खटीक को चेयरमैन कक्ष में कुर्सी पर बैठाया। कार्यक्रम के दौरान कई फरियादियों ने चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा को अपनी समस्या बताई जिसका चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा रामगढ़ के लोगों को विकास मांगने की जरूरत नहीं है क्योंकि मेरे को पता है कि रामगढ़ के लोगों को क्या चाहिए जो बिना मांगे कई विकास कार्य किए हैं। स्कूल के भवन की हालत खराब थी जिसकी नवीन भवन बनवाया और स्कूल कॉलेज खुलवाया। नर्सिंग कॉलेज आपके लालसोट मैं ही खुलवाया है और अपने बच्चे यही नर्सिंग कर लेंगे और कम फीस में करेंगे ।कार्यक्रम में इस दौरान कांग्रेस युवा जिला अध्यक्ष दीपक पटेल, लालसोट चेयरमैन रक्षा मिश्रा, उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा, अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी, जगदीश राडा, पूर्व प्रधान किशन मीणा,जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि राजेश मीणा सहित पार्षद आदि लोग मौजूद रहे।



# रन फॉर झोटवाड़ाः जनसेवक आशुसिंह सूरपुरा के साथ दौड़े आसलपुर के हजारों ग्रामीण

### आसलपुर पंचायत में समाजसेवी आशुसिंह के साथ बारिश में दिखा मैराथन का उत्साह

### बारिश के बीच ही उत्साह दिखाते हुए सूरपुरा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ







सितारा न्यूज नेटवर्क

**आसलपुर/ज्योति गुप्ता।** ग्राम पंचायत आसलपुर में झोटवाड़ा विधानसभा के समाजसेवी आशु सिंह सुरपुरा द्वारा मैराथन दौड़, प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मैराथन दौड़ में शामिल सभी प्रतिभागियों को टीशर्ट प्रदान की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी ग्राम वासियों का सहयोग रहा। आसलपुर में एक अनोखा नजारा देखने को मिला, भारी बारिश के बीच भी पूरे गांव ने जनसेवक आशुसिंह सूरपुरा के साथ कदमताल करते हुए दौड़ लगाई। पूरे झोटवाड़ा क्षेत्र में स्वस्थता का संदेश देने के लिए आशु सिंह द्वारा आयोजित की जा रही रन फॉर झोटवाड़ा मुहिम को आसलपुर में जबरदस्त समर्थन मिला। पंचायत भवन के सामने बडी तादाद में ग्रामवासी इकट्ठे हुए और आशु सिंह सूरपुरा के साथ पूरे गांव में दौड़ लगाई गई। गांव में जगह-जगह पर आशु सिंह का फूल मालाओं से स्वागत किया गया और नाचते गाते हुए लोग ऐतिहासिक मैराथन का हिस्सा बने। ये पहली बार है जब आसलपुर इतनी बड़ी मैराथन का गवाह बना जिसमें गांव के बुजुर्ग, नौजवान और छात्र शक्ति एक साथ दौड़ी। लोगों ने आशु सिंह की सामाजिक पहल की तारीफ की और भारी बारिश में भीगते हुए भी कार्यक्रम में डटे रहे। लोगों से मिले इस सम्मान और प्यार के लिए सूरपुरा ने लोगों का आभार जताया। मैराथन के बाद बारिश के बीच ही सूरपुरा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ जिसमें 10 वीं और 12 वीं कक्षा में 75 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मनित किया गया। कार्यक्रम में गांव की एक बेटी ने आशु सिंह सूरपुरा के जनसेवा कार्यों से प्रभावित होकर उन्हें अपनी तरफ से 1100 रूपए की राशि सम्मान के तौर पर जनसेवक आशु सिंह को दी। गांव की बेटी द्वारा दी गई सम्मान राशि को स्वीकार करते हुए आशु सिंह ने कहा कि बेटी के इस भाव के लिए उनके पास कोई शब्द नहीं है, और ये हम सब के लिए एक प्रेरणा है। आशु सिंह ने बिटिया द्वारा दिए गए 1100 रूपए की निधि को गांव की गौशाला में समर्पित किया। आशु सिंह लंबे समय से झोटावाड़ा विधानसभा में जनसेवा करने में लगे हुए है और कोरोना जैसी महामारी में भी उन्होंने लोगों के खाने और रहने की पूरी व्यवस्था की थी और उसके बाद वह अपने विधानसभा क्षेत्र में लगातार लोगों के साथ मिलकर जनसेवा कर रहे हैं। लोगों ने भी उनकी इस पहल का स्वागत किया है और कहा कि इनकी जनभावना निस्वार्थ है और ऐसे में वह हर संकट में उनके साथ खड़े रहते हैं।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### जन्मदिन पर पौधारोपण कर दिया पर्यावरण बचाने का संकल्प



सितारा न्यूज नेटवर्क

**वरुण कामदार/रामगढ़ पचवारा।** उपखंड पर अखिल भारतीय रैगर महासभा युवा प्रकोष्ठ जिला दौसा के अध्यक्ष भोला राम रैगर के जन्मदिन पर समाज बंधुओ और युवाओं ने रैगर समाज आश्रम डीडवाना में वृक्षारोपण कर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया अध्यक्ष ने बताया पश्चिमी संस्कृति केक काटने के स्थान पर अपने 40 वें जन्मदिन पर 40 पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने की पहल की इस अवसर पर अखिल भारतीय रैगर महासभा युवा प्रकोष्ठ जिला दौसा उपाध्यक्ष प्रहलाद डीगवाल, लालसोट तहसील अध्यक्ष मुकेश फुलवरिया, रामगढ़ पचवारा अध्यक्ष एडवोकेट महेन्द्र बारोलिया, निर्झरणा अध्यक्ष दिनेश फुलवरिया , मनोहर फुलवरिया, राकेश डीगवाल, चंद्रमोहन बारोलिया कमलेश डीगवाल, विष्णु सोनवाल, नाथू फुलवरिया, राकेश, दिनेश मन्नाराम, छीतर, बनवारी कंसोटिया, लल्लू, हेमराज, नाथू पटेल, सुभाष आदि समाज बंधु उपस्थित रहे

## रंगदारी मामला...

### ब्रजभूमि कल्याण परिषद ने जिला कलेक्टर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को प्रस्तुत किया ज्ञापन





सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा/अलवर।** ब्रजभूमि कल्याण परिषद के तत्वाधान में आज एक प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्टर पुखराज सेन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ तेजपाल सिंह से मिला और उन्हें अलवर की कानून व्यवस्था सुधारने और अपराधियों को तुरंत गिरफ्तार करने संबंधित ज्ञापन प्रस्तुत किया। मौके पर ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ पंकज गुप्ता ने बताया कि अलवर पूरे प्रदेश में अपराधों में पहले नंबर का जिला बना हुआ है, अभी पिछले दिनों हरसोरा के अंदर पर्ची पकड़ा कर गोलीबारी की गई और, व्यापारी से रंगदारी मांगी गई, कल 200 फुट रोड पर मार्बल व्यापारी के यहां पर व्हाट्सएप मैसेज और कॉल के जरिए ?30 लाख की रंगदारी मांगी गई उससे पूर्व दूध मिष्ठान भंडार पर गोली कांड हुआ था, बहरोड़ क्षेत्र में गैंगवार की शिकायतें आम हैं, अलवर में चोरियां हो रही हैं, हर मोहल्ले में नित्य प्रतिदिन कहीं ना कहीं चोरी की घटना घटित हो रही है, अपराधी बेलगाम है और बच्चियों के साथ बलात्कार और महिलाओं के साथ शोषण और गैंग रेप की घटनाएं आम हो चली है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रशासनिक अधिकारी या पुलिस का प्रथम कर्तव्य आम नागरिक को सुरक्षा प्रदान करना है, व्यापारी को सुरक्षा प्रदान करना है, अपराधिक गतिविधियां बढ़ने से आम जनता रोष में है और भयभीत है, पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि अपराधियों पर, त्वरित कार्यवाही कर आम जनता में सुरक्षा का वातावरण प्रदान करें। पिछले दिनों रामगढ़ क्षेत्र में तिलक लगाने पर एक समुदाय के लोगों के द्वारा हिंदुओं के ऊपर हमला किया गया और मार पिटाई की गई उसके ऊपर भी कार्यवाही करने की जरूरत है, डॉ गुप्ता ने बताया कि जिला कलेक्टर महोदय और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दोनों से वार्ता रचनात्मक रही और अधिकारियों ने शीघ्र कार्यवाही का भरोसा दिलाया। आज प्रतिनिधिमंडल में ब्रजभूमि कल्याण परिषद के जिला अध्यक्ष कैप्टन उमराव लाल सैनी, हरि सिंह चौधरी, भारत भूषण अग्रवाल, पंडित राजेंद्र आचार्य, अश्वनी जावली, महावीर उपाध्याय थानागाजी, प्रदेश मंत्री प्रेम प्रकाश शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जयपुर में अब डेंगू का कहर:एक माह के अंदर 80 से ज्यादा लोग चपेट में आए

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान में इस बार मानसून की शुरूआत अच्छी रही। प्रदेश में लगातार बारिश हो रही है। बारिश के कारण लोगों की परेशानी भी बढ़ गई है। ह्यूमिडिटी और पानी भराव के कारण मच्छर पनपने से डेंगू-मलेरिया के केस तेजी से बढ़ने लगे हैं। जयपुर में पिछले एक महीने में डेंगू के केस तेजी से बढ़े है। मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट की रिपोर्ट के मुताबिक 80 से ज्यादा केस पिछले 30 दिनों में डिटेक्ट हो चुके हैं। अमूमन ये बीमारी अगस्त आखिरी या सितम्बर में फैलनी शुरू होती है। अक्टूबर-नवंबर तक बरकरार रहती है। बारिश के बाद बड़ी संख्या में मच्छरों के पनपने से डेंगू-मलेरिया के केस बढ़ते हैं। लेकिन इस बार ये ट्रेंड जुलाई में ही देखने को मिल रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश के लगातार तो आ रही है, लेकिन खण्ड बारिश होने के कारण एक ही जगह पानी नहीं बरस रहा। जहां एक बार पानी बरसता है उसके बाद 3-4 दिन तक वहां सूखा रहता है। इस कारण सड़क के गढ्डों, डिवाइडर किनारे, नालियों में भरे पानी में मच्छर पनप रहे है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक अभी जो डेंगू के केस आ रहे हैं। उनमें ज्यादा गंभीरता नहीं दिख रही, इस कारण अभी तक इनसे डेथ का एक भी केस राज्य में नहीं मिला है। विशेषज्ञों का कहना है कि लोगों को बीमार होने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाकर उपचार लेना चाहिए, ताकि आगे जाकर बीमारी गंभीर न हो। साथ ही उन्होंने मच्छर के काटने से बचने के लिए फुल आस्तीन वाली शर्ट और पायजामे या पेंट पहनने की सलाह दी है।

अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में करीब 2 करोड़ 50 लाख रुपए की राशि से होगा नवीनीकरण

# आमजन को मिलेगी राहत : मंत्री जूली ने किया नवीन सड़कों का शिलान्यास









### जनता ने मंत्री जूली का जताया आभार

सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा/अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने सोमवार को अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में करीब 2 करोड़ 50 लाख रुपए की राशि से बनने वाली 9 सड़कों के निर्माण का शिलान्यास किया। मंत्री जूली ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के विकास को गति देने के मार्ग के रूप में राज्य सरकार द्वारा सडकों का जाल बिछाया जा रहा है। अलवर ग्रामीण क्षेत्र में बडी संख्या में सडक निर्माण के कार्य किए जा रहे है। इन सडकों के निर्माण होने से क्षेत्र में आवागमन के साथ-साथ विकास को बढावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही इन सडकों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शिता से पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अलवर ग्रामीण क्षेत्र की लगभग सभी मांगों को पूरा करने का सकारात्मक प्रयास किया गया है तथा शेष कार्य भी तीव्र गति से पूरे कराए जा रहे हैं। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा आमजन को लाभांवित कराने के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि जागरूक रहकर इन योजनाओं का लाभ उठावे।

### इन विकास कार्यों का किया शिलान्यास

मंत्री जूली ने बताया कि अलवर ग्रामीण क्षेत्र में करीब 2 करोड 50 लाख रुपए की लागत राशि से सडकों का निर्माण कराया जाएगा जिनमें 9.60 लाख रुपए की लागत राशि बनने वाली विजय मंदिर से टोडियार मेव का बास तक की सडक, 40 लाख रुपए राशि से चूहडसिद्ध से धोकडी तक, 19 लाख रुपए की राशि से भण्डवाडा से चांदौली तक, 40 लाख रुपए की राशि से भण्डवाडा से बीजोपुर तक, 35 लाख रुपए की राशि से धूलपुरी से खैरथल रोड तक, 35 लाख रुपए की राशि से बीजोपुर से धूलपुरी तक, 30 लाख रुपए की राशि से नौरंगाबाद से अल्पखॉ की ढाणी तक, 19 लाख रुपए की राशि से मैन रोड से घाटला तक एवं 16 लाख रुपए की राशि से पलाईबास से माले खॉ की ढाणी तक के सडक निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

### झाडी हटाकर दिया स्वच्छता का संदेश

मंत्री जूली ने विजय मंदिर-टोडियार-मेव बास सीसी सडक का शिलान्यास कर पास में स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुशाल बाग (विजय मंदिर) का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उनके शैक्षणिक स्तर की परख की। साथ ही विद्यालय प्रांगण में खडी झाडियों को खुद ने उखाड कर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि प्रांगण की साफ-सफाई व्यवस्था रखे। साथ ही उन्होंने विद्यालय की मरम्मत व रंग रोगन आदि कार्य कराने की घोषणा की।

### बच्चों को शिक्षण सामग्री की वितरित, विद्यार्थियों के चेहरे खिले

मंत्री जूली ने अलवर ग्रामीण के गांव तेहडपुर के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में पहुंचकर बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की। शिक्षण सामग्री प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि अपने जन्मदिन पर फूल माला व गुलदस्तों के स्थान पर शुभ चिंतकों को शिक्षण सामग्री भेंट करने का आग्रह किया था। यह सामग्री बच्चों को भेंट कर उनकी शिक्षा में सहयोग का माध्यम बन सकेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को प्रदान करने हेतु शिक्षा तंत्र में नवाचार कर उसे मजबूती प्रदान करने का काम किया है।

### भगवान शिव का किया जलाभिषेक

मंत्री जूली ने अलवर ग्रामीण क्षेत्रा के गांव तेहडपुर में श्रावण मास के सोमवार के अवसर पर डॉ. भीमराव सामुदायिक भवन परिसर में स्थित शिवलिंग पर जलाभिषेक कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भण्डारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर हाजी उस्मान खान, जफरू खान, लाड खान, खिड्डी, रियासत, हुसैनदीन, सुरज्ञानी मीणा, बिडदा, जल्ला, जगदीश जाटव, इमरान खान, भीमसिंह जोरवाल, ताराचंद, फकरूदीन, अम्मू, संजय, नरेन्द्र, समीर, अस्लूप, हासिम, श्रीचन्द, पूरण सिरमौलिया, जितेन्द्र, वकील खान, नितिन धाकड, शहजाद खान सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नया शो : 'बींद बणूंगो घोड़ी चढूंगों' की हुई स्क्रीनिंग

**प्रोमोज ने पहले से ही सोशल मीडिया पर धूम मचाई थी**



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर/ज्योति गुप्ता।** पिछले कुछ समय से राजस्थानी सिनेमा में नई जान फूँकने के लिए उतरा स्टेज एप इस बार अपने नए शो "बींद बणूंगो घोड़ी चढूंगो" से अलग आयाम स्थापित कर रहा है। क्रियेटर नितिन गोस्वामी, निर्देशक धर्मेंद शर्मा एवं स्टेज एप के सौजन्य से बने इस शो के प्रोमोज ने पहले से ही सोशल मीडिया पर धूम मचाई हुई है। रविवार को जयपुर के जेम सिनेमा में "बींद बणूंगो घोड़ी चढूंगो" की स्क्रीनिंग रखी गयी, और स्क्रीनिंग के समापन के साथ ही ये सीरीज दर्शकों के लिए स्टेज ऐप पर रिलीज हुई। इस स्क्रीनिंग में लोकप्रिय युवा अभिनेता अंकित भारद्वाज के साथ- साथ शब्दिका शर्मा, अंकित, हरी नारायण शर्मा, नईम खान, सुशील नरेरा, घनश्याम बेनीवाल, मनीषा ओझा, विकास पारीक, संजय विद्रोही, विकास रावत, अभिषेक चौधरी, धीरेंद्र पाल, सचिन भट्ट, आंचल सर्राफ, परिणीता शर्मा और भी कई राजस्थानी कलाकार शामिल हुए। स्टेज एप के कंटेंट मैनेजर तनुज व्यास ने बताया कि ये सीरीज सरकारी नौकरी, शादी, पेपर लीक जैसे राजस्थान के ज्वलंत मुद्दों को कॉमेडी एवं व्यंग्य के जरिए पुरजोर तरीके से दशार्ती है। इसके अलावा ये सीरीज राजस्थान के आम दर्शकों को खूब गुदगुदाएगी और सोचने पर मजबूर भी करेगी।




स्क्रीनिंग के दौरान मौजूद सभी दर्शकों ने सीरीज की काफी तारीफ की और राजस्थानी सिनेमा के लिए स्टेज एप के द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

वेब सीरीज के डायरेक्टर और क्रिएटर ने बताया कि ये सीरीज शादी के लिए सरकारी नौकरी वाली मानसिकता को बदलने पर जोर देती है और इसे सीरीज पूरा परिवार साथ मिलकर स्टेज ऐप पर देख सकता है।

महायज्ञ में 121 जोड़ों ने दी आहुति

## गोविंदम गार्डन दांता में श्री मद् भागवत कथा में उमड़ा भक्तों का सैलाब





सितारा न्यूज नेटवर्क

**दांतारामगढ़।(विनोद धायल)** गोविंदम गार्डन दांता में श्री मद् भागवत कथा महोत्सव गोपाल महायज्ञ संत नर्मदा पुरी महाराज संत रमा प्रकाश महाराज श्री खेड़ापति बालाजी धाम दांता के पावन सानिध्य में आचार्य पंडित गोपाल शास्त्री के सानिध्य में सुबह पूजन अर्चन किया श्रीमद् भागवत कथा के सप्तम दिवस कथा में राजस्थान के सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित चंद्र प्रकाश शास्त्री खाचरियावास के सानिध्य श्री गोपाल महायज्ञ में 121 जोड़ों ने आहुति दी शास्त्री ने सप्तम दिवस की कथा में सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष की कथा का दर्शन कराया कृष्ण सुदामा की सुंदर झांकी सजाई गई अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो दर पर सुदामा गरीब आ गया है भजन गाकर भक्तों को भावविभोर किया श्रीमद् भागवत कथा समापन पर राधा कृष्ण एवं सभी भक्तों द्वारा फूलों की होली खेली गई एवं विशाल भंडारे का आयोजन हुआ इस आयोजन में आसपास के गांवों से हजारों श्रद्धालुओं ने श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किया इस अवसर पर मुख्य यजमान भंवरलाल मनोहर लाल चेजारा चोथमल सोनी माताजी मंदिर पुजारी सरवन कुमावत रामेश्वर लाल लोकेश अग्रवाल यादराम कुमावत ठाकुर करण सिंह समाजसेवी राजेंद्र सिंह धीरजपूरा बाबूलाल हलदुनिया लव सिंह मंडा जिला परिषद सदस्य राजेश चेजारा पूर्व जिला परिषद सदस्य सुरेश शर्मा चिरंजीलाल ठेकेदार पवन पुजारी खाटू श्याम जी कृष्णा शर्मा खाचरियावास ओमप्रकाश शर्मा पवन शर्मा हरिकिशनअशोक शर्मा गोटेवाले गौशाला अध्यक्ष मूलचंद कुमावत नरेश चेजारा हरी राम कुमावत समाजसेवी राजेंद्र सांखला गो सेवक भरत कुमार सांखला पूरणमल बासनीवाल रामेश्वर जांगिड़ सोहनलाल शर्मा सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित थे इस आयोजन में आसपास क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु भाग ले रहे है।

ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव का हुआ आयोजन

# राज्य मंत्री लांबा ने गहलोत सरकार द्वारा युवाओं के लिए चलाई गई योजनाओं का किया बखान

**लांबा ने कहा मुख्यमंत्री गहलोत ने प्रदेश के युवाओं के लिए इस बार दिया शानदार बजट**

**युवा बोर्ड अध्यक्ष (राज्य मंत्री) सीताराम लांबा ने की कार्यक्रम में शिरकत**

**युवा महोत्सव में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले युवा कलाकारों का किया सम्मान**







सितारा न्यूज नेटवर्क

**दांतारामगढ़।(विनोद धायल)** राजस्थान युवा बोर्ड द्वारा संचालित किए जा रहे हैं राजस्थान युवा महोत्सव के तहत दांतारामगढ़ के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय राजस्थान युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव कार्यक्रम में राजस्थान युवा बोर्ड अध्यक्ष (राज्यमंत्री) सीताराम लांबा ने शिरकत की। ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव प्रतियोगिता में दर्जनों युवा कलाकारों ने प्रतियोगिता में भाग लेते हुए विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री सीताराम लांबा ने कहा कि राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने युवा बोर्ड का गठन कर युवाओं को एक अमूल्य तोहफा दिया है जिसके तहत प्रदेश में युवाओं को मौका देते हुए उनकी प्रतिभाओं को निखारने एवं राज्य की दुर्लभ एवं लुप्त होती कला एवं संस्कृति के संवर्धन एवं संरक्षण हेतु राजस्थान युवा महोत्सव आयोजन किया जा रहा है इसके तहत प्रदेश का युवा कलाकार अपनी प्रतिभा के बल पर कामयाबी हासिल कर सके। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव में जो युवा कलाकार प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर चयनित किए जाएंगे उनको प्रदेश स्तर पर 20 अगस्त से शुरू होने वाले राजस्थान युवा महोत्सव में शामिल किया जाएगा। इस दौरान ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हेमाराम वर्मा, रजनीश शर्मा सहित अनेक स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# पदकों की बारिश... भारतीय खिलाड़ियों ने रचा इतिहास



संगमप्रीत सिंह बिस्ला

## संगमप्रीत, अवनीत बने कंपाउंड तीरंदाजी चैंपियन

एजेंसी ▶▶| सिडनी

चेंगडू। संगमप्रीत सिंह बिस्ला और अवनीत कौर 31वें विश्व विश्वविद्यालय खेलों में सोमवार को यहां कंपाउंड तीरंदाजी चैंपियन बने, जिससे भारत ने इस खेल में तीन स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक जीतकर अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

भारत कुल मिलाकर नौ स्वर्ण, तीन रजत और पांच कांस्य पदक लेकर पदक तालिका में चौथे स्थान पर बना हुआ है। चीन 17 स्वर्ण लेकर शीर्ष पर काबिज है। उसके बाद दक्षिण कोरिया और जापान का




नंबर आता है। इन दोनों ने समान 10-10 स्वर्ण पदक जीते हैं। भारत ने कंपाउंड तीरंदाजी में तीन स्वर्ण पदक जीते। बिस्ला ने पुरुष व्यक्तिगत जबकि अवनीत ने महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में सोने का तमगा हासिल किया। इनके अलावा अमन सैनी और प्रगति ने मिश्रित टीम में स्वर्ण पदक जीता। भारत में एकमात्र रजत पदक महिला टीम स्पर्धा में हासिल किया। इसके अलावा कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने पुरुषों की टीम स्पर्धा और सैनी ने व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य पदक जीता। रिकर्व तीरंदाजों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया और केवल एक कांस्य पदक जीता। उसने यह पदक महिलाओं की टीम स्पर्धा में हासिल किया।

### बिस्ला का प्रदर्शन

बिस्ला ने दक्षिण अफ्रीका के क्रिश्चियन बेयर्स डी क्लार्क को 149-147 से हराकर पुरुष व्यक्तिगत कंपाउंड स्वर्ण जीता। अवनीत ने अमेरिका की एलिसा ग्रेस स्टर्गिल को शूट ऑफ में हराकर महिलाओं की व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा का खिताब अपने नाम किया। मुख्य मुकाबले के बाद इनका स्कोर 144-144 से बराबर था।

## छतीसगढ़ की ज्ञानेश्वरी ने एशियाई चैंपियनशिप में जीता रजत पदक



**कोटा रायपुर निवासी यादव ने 175 किग्रा (78 +98) भार उठाया**

*नई दिल्ली। भारत की ज्ञानेश्वरी यादव और कोयल बार ने ग्रेटर नोएडा में एशियाई यूथ और जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में महिलाओं के 49 भार वर्ग में रजत पदक अपने नाम किए। छत्तीसगढ़, कोटा रायपुर निवासी ज्ञानेश्वरी ने जूनियर और कोयल ने यूथ श्रेणी में दूसरा स्थान हासिल किया। गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी में तीसरे दिन ज्ञानेश्वरी ने 175 भार (78 +98) भार उठाया। उनके दो प्रयास स्नेच और क्लीन एंड जर्क में विफल हो गए थे। इससे पहले ज्ञानेश्वरी यही हुई राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में मिली अपनी स्वर्णिम सफलता की बराबरी नहीं कर सकी। बीस वर्षीय खिलाड़ी ने स्नेच (78 किलो) और क्लीन एंड जर्क श्रेणी (98 किलो) में अपना व्यक्तिगत श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। फिलिपीन की रोसेजी ने स्वर्ण जीता। यूथ वर्ग में कोयल ने स्नेच में 69 किलो और क्लीन एंड जर्क में 86 किलो के साथ 155 किलो वजन उठाया।*

## खबर संक्षेप



### स्वियाटेक बनीं पोलैंड ओपन चैंपियन

**वारसॉ।** शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक ने पोलैंड ओपन के फाइनल में लौरा सीजमंड को 6-0, 6-1 से हराकर इस साल का अपना चौथा खिताब जीत लिया। फ्रेंच ओपन चैंपियन स्वियाटेक ने टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गंवाया। वह इस साल दोहा और स्टटगार्ट में भी खिताब जीत चुकी है। पोलैंड की इस खिलाड़ी ने कहा, 'मैं अपनी टीम और परिवार को धन्यवाद देना चाहती हूं। यहां खेलना आसान नहीं था लेकिन मुझे खुशी है कि मैं जीत सकी।' उन्होंने सेमीफाइनल में बेल्जियम की यानिना विकमायेर को 6-1, 7-6 से मात दी थी। खराब रोशनी के कारण शनिवार को बीच में रोके जाने के बाद यह मैच रविवार को ही पूरा हुआ।

### ज्वेरेव ने जीता हैम्बर्ग यूरोपियन ओपन



**हैम्बर्ग।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने लाज्लो जेरे को 7-5, 6-3 से हराकर पहली बार हैम्बर्ग यूरोपियन ओपन टेनिस खिताब जीत लिया। इटली के जूरिन में नवंबर 2021 में जीतने के बाद यह ज्वेरेव का पहला खिताब है। उसने एक भी सेट गंवाए बिना हैम्बर्ग ओपन में खिताबी जीत दर्ज की। उन्होंने जीत के बाद कहा, 'मैं यहां पैदा हुआ हूं और इन्ही कोर्ट पर टेनिस सीखा है। यहां जीतना दूसरे टूर्नामेंटों की तुलना में अलग है।' महिला वर्ग में नीदरलैंड की अरांतजा रूस ने खिताब जीता।

### फ्रिट्ज बने अटलांटा ओपन के बादशाह



**अटलांटा।** अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने आस्ट्रेलिया के अलेक्जेंडर वुकिच को 7-5, 6-7, 6-4 से हराकर अटलांटा ओपन टेनिस खिताब जीत लिया जो उनके कॅरियर का छठा खिताब है। शीर्ष वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज ने इससे पहले फरवरी में डेलरे बीच पर हार्डकोर्ट खिताब जीता था। उन्होंने फाइनल तक एक भी सेट नहीं गंवाया था लेकिन फाइनल में वुकिच ने दूसरा सेट जीतकर मैच को टाइब्रेकर में खींचा।

### हैदराबाद एफसी ने माकन से करार किया

**हैदराबाद।** इंडियन सुपर लीग टीम हैदराबाद एफसी ने भारतीय खिलाड़ियों के अपने समूह को मजबूती देते हुए विंगर माकन चोथे के साथ लंबे समय का करार किया है। क्लब ने सोमवार को यह जानकारी दी। माकन ने 2023-24 सत्र से पहले हैदराबाद एफसी के साथ तीन साल का करार किया है। मणिपुर के माकन 17 साल की उम्र में मिनर्वा पंजाब अकादमी से जुड़े थे और 2018-19 में उसकी सीनियर टीम में जगह बनाई।

**क्रिकेट : वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरा वनडे मैच आज शाम 7 बजे**

# टीम इंडिया को निर्णायक मैच में 'प्रयोग' सफल रहने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| तारोबा

भारत को उम्मीद है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ मंगलवार को तीसरे और निर्णायक एक दिवसीय क्रिकेट मैच में मध्यक्रम में संजू सैमसन और सूर्यकुमार यादव को आजमाने का उसका प्रयोग सफल साबित होगा। वेस्टइंडीज से 2006 के बाद से एक भी वनडे श्रृंखला नहीं हारी भारतीय टीम ने बारबडोस में दूसरे वनडे में पराजय का सामना किया जिसमें कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली को आराम दिया गया था।

छह विकेट से मिली हार के बाद कोच राहुल द्रविड़ ने कहा था कि भारतीय टीम अगले महीने होने वाले एशिया कप और फिर विश्व कप के मद्देनजर वृहत तस्वीर देख रही है जिसमें देखना है कि अहम मुकाबलों में युवा खिलाड़ी कितना प्रभाव छोड़ पाते हैं। द्रविड़ ने शनिवार को कहा था, 'हम हमेशा वृहत तस्वीर देखेंगे। एशिया कप और विश्व कप आने वाले हैं और हमें ऐसा करना ही होगा क्योंकि खिलाड़ी चोटिल भी हो सकते हैं। हम हर एक मैच या हर श्रृंखला को लेकर चिंतित नहीं हो सकते। अगर ऐसा करेंगे तो वह गलती होगी।'



### भारत की बल्लेबाजी रही बेदम

*पचास ओवरों के प्रारूप में संघर्ष करते दिख रहे सूर्यकुमार लंबी पारी खेलकर मैच जिताने पर फोकस करेंगे। वहीं कई बार वापसी करने के बावजूद प्रभावित नहीं कर सके सैमसन के पास भी यह सुनहरा मौका है। वह दूसरे वनडे की ही तरह तीसरे नंबर पर उतर सकते हैं। सलामी बल्लेबाज ईशान किशन ने प्रभावित किया है लेकिन शुभमन गिल अभी तक बड़ी पारी नहीं खेल पाए हैं। हार्दिक पंड्या ने पहले दो मैचों में गेंदबाजी की शुरुआत की लेकिन बल्ले से नाकाम रहे। पांच मैचों की टी20 श्रृंखला से पहले वह उपयोगी पारी खेलना चाहेंगे।*

### मलिक को नहीं मिला विकेट

गेंदबाजी में तेज गेंदबाज उमरान मलिक अभी तक विकेट नहीं ले सके हैं। उनकी रफ्तार भारत के लिए 'एक्स फैक्टर' है लेकिन उन्हें अपनी तकनीक और सटीकता पर काम करना होगा। चाइनामैन कुलदीप यादव ने प्रभावी प्रदर्शन किया है जिससे उनके दोस्त युजवेंद्र चहल के लिए टीम में जगह नहीं बन पा रहे। अब वह टी20 श्रृंखला में ही नजर आएंगे।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, रूतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या (उप कप्तान), शार्दुल ठाकुर, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, जयदेव उनादकट, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक, मुकेश कुमार।

**वेस्टइंडीज :** शाई होप (कप्तान), रोवमैन पॉवेल, एलिक अथानाजे, यानिक कारिया, कीसी कार्टी, डोमिनिक ड्रेक्स, शिमरोन हेटमायेर, अलजारी जोसेफ, ब्रेंडन किंग, काइल मायर्स, गुडाकेश मोती, जेडेन सील्स, रोमारियो शेफर्ड, केविन सिनक्लेयर, ओशाने थॉमस।

## मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क ने जीता मेजर लीग क्रिकेट टी20 टूर्नामेंट



*नई दिल्ली। निकोलस पूरन के आक्रामक शतक की मदद से मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क ने टैक्सास के डलास में सिएटल ओर्कास को सात विकेट से हराकर पहला मेजर क्रिकेट लीग टी20 टूर्नामेंट जीत लिया है। ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम पर रविवार को खेले गए फाइनल में सिएटल ओर्कास ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 183 रन बनाए। जवाब में मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क ने 16 ओवर में तीन विकेट गंवाकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया। मुंबई के लिए कप्तान निकोलस पूरन ने 55 गेंद में 137 रन बनाए जिसमें 10 चौके और 13 छक्के शामिल थे। वहीं सिएटल टीम के लिए क्विंटोन डिकॉक ने 52 गेंद में 87 रन की पारी खेली। मुंबई के लिए तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और स्पिनर राशिद खान ने तीन तीन विकेट चटकाए।*

## वर्ल्ड कप : जापान ग्रुप सी में शीर्ष पर, स्पेन को 4-0 से रौंदा



एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

जापान पहले हाफ में दागे तीन गोल की बदौलत महिला फुटबॉल विश्व कप के ग्रुप सी मैच में सोमवार को यहां स्पेन को 4-0 से हराकर ग्रुप में शीर्ष पर रहा।

जापान के लिए हिनाता मियाजावा (12वें और 40वें मिनट) ने दो गोल दागे जबकि रिको उकी (29वें मिनट) और मिना तनाका (82वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। पूरे मैच में गेंद स्पेन के कब्जे में अधिक रही। जापान की टीम हालांकि 22 प्रतिशत समय गेंद को अपने पास रखने के बावजूद मैच में दबदबा बनाने में सफल रही। दोनों टीम पहले ही अंतिम 16 में जगह सुनिश्चित कर चुकी हैं। जापान ने लगातार चौथी जबकि स्पेन ने लगातार दूसरी बार यह उपलब्धि हासिल की। दोनों टीम ने इससे पहले जाम्बिया को 5-0 के समान अंतर से हराया था।

कोस्टा रिका के खिलाफ 3-0 की जीत से स्पेन बेहतर गोल अंतर के कारण शीर्ष पर था। सोमवार को जापान के खिलाफ ड्रॉ भी उसे इतिहास में पहली बार ग्रुप में शीर्ष पर जगह दिला देता लेकिन जापान ने उसके इरादों पर पानी फेर दिया। जापान अब प्री क्वार्टर फाइनल में शनिवार को ग्रुप ए के उप विजेता नॉर्वे से भिड़ेगा जबकि स्पेन को इसी ग्रुप के विजेता स्विट्जरलैंड से खेलना है।

### जाम्बिया ने दर्ज की पहली जीत

हैमिल्टन। लुशोमो एमवीम्बा ने इस साल महिला विश्व कप फुटबॉल का सबसे तेज गोल दागा और बारबरा बांडा ने टूर्नामेंट का 1000वां गोल दागा जिसकी



बदौलत टूर्नामेंट में पहली बार खेल रही जाम्बिया ने सोमवार को कोस्टा रिका को 3-1 से हराकर पहली जीत दर्ज की। इस जीत से जाम्बिया की टीम सिर ऊंचा करके स्वदेश लौटेगी। दोनों टीमें नॉकआउट की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी हैं। जाम्बिया के लिए पहला गोल दो मिनट 11वें सेकंड में एमवीम्बा ने किया जो टूर्नामेंट का सबसे तेज गोल है। वहीं बांडा ने 31वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा। कोस्टा रिका के लिए एकमात्र गोल 47वें मिनट में मेलिसा हेरेरा ने किया। इंजुरी टाइम के तीसरे मिनट में रशेल के ने जाम्बिया के लिए तीसरा गोल किया।

## आज से ई-स्पोर्टस जूनियर चैम्पियनशिप, 42 हजार युवाओं ने कराया पंजीयन

*भोपाल । मध्यप्रदेश में ई-स्पोर्टस को बढ़ावा देने, भविष्य के ई-गेमर्स को निखारने तथा युवाओं को ई-स्पोटर्स के प्रति अपने जुनून को कॅरियर बनाने के उद्देश्य से देश के पहले ई-स्पोर्टस की अकादमी की स्थापना की जा रही है। अकादमी के लिये खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा 1 अगस्त से ई-स्पोर्टर्स जूनियर चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से टेलेंट सर्च किया जायेगा। टेलेंट सर्च के लिये 12 से 17 वर्ष के लगभग 42 हजार युवाओं ने अपना पंजीयन कराया है। उल्लेखनीय है कि ई-स्पोर्टर्स गेमिंग को कॉम्पेटेटिव स्पोर्टस के रूप में पदक जीतने वाले खेल की श्रेणी में अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में शामिल किया गया है। मध्यप्रदेश राज्य ई-स्पोर्टस अकादमी में युवाओं को चैंपियन गेमर्स बनने के प्रशिक्षण के साथ कंटेंट क्रियेटर, डेटा सांइस, डेटा एनालिस्ट, गेम डेवलपर्स, कोडिंग, वेब डिजाइनिंग, टूर्नामेंट ऑपरेटर्स जैसे क्षेत्र में कॅरियर बनाने का प्रशिक्षण भी प्राप्त करेंगे।*

## भारतीय डेविस कप टीम में दिग्विजय सिंह की एंट्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिग्विजय प्रताप सिंह को मोरक्को के खिलाफ लखनऊ में होने वाले डेविस कप टेनिस विश्व ग्रुप दो के मुकाबले के लिए भारत की छह सदस्यीय टीम में चुना गया है। लखनऊ में 16 और 17 सितंबर को होने वाले मुकाबले के लिए भारतीय टीम में सुमित नागल, शशिकुमार मुकुंद, युकी भांबरी, रामकुमार रामनाथन और रोहन बोपन्ना को भी चुना गया है।

यह बोपन्ना का आखिरी मैच होगा क्योंकि वह पिछले महीने ही डेविस कप कॅरियर पर विराम लगाने का ऐलान कर चुके हैं। रोहित राजपाल गैर खिलाड़ी कप्तान होंगे। अखिल भारतीय टेनिस संघ ने कहा कि खिलाड़ियों को उनकी रैंकिंग, उपलब्धता, प्रदर्शन और मौजूदा फॉर्म समेत कई पहलुओं पर गौर करने के बाद चुना गया। महासंघ ने



कहा कि साकेत माइनेनी, मनद दहाम्ने, मनीष सुरेशकुमार, करण सिंह और युवान नंदल भी टीम के साथ अभ्यास करेंगे। इस साल की शुरुआत में डेनमार्क से विश्व ग्रुप प्लेआफ हारने के बाद भारतीय टीम विश्व ग्रुप दो में खिसक गई है।

## तेंदुलकर और गोपीचंद दिखाएंगे हरी झंडी





**हैदराबाद।** दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और बैडमिंटन खिलाड़ी पुलेला गोपीचंद पांच नवंबर को यहां एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस हैदराबाद हाफ मैराथन 2023 को हरी झंडी दिखाएंगे। हैदराबाद हाफ मैराथन तीन श्रेणियों 21.1 किमी (हाफ मैराथन), 10 किमी और पांच किमी में आयोजित की जाएगी। हाफ मैराथन के अलावा हैदराबाद पांच नवंबर को प्रतिष्ठित आईएयू की 50 किमी विश्व चैंपियनशिप 2023 की मेजबानी भी करेगा। यह पहला अवसर होगा जबकि भारत में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

**सुपर 500 टूर्नामेंट का आयोजन आज से**

# सिंधू , श्रीकांत को आस्ट्रेलिया ओपन में वापसी की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| सिडनी

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और किदाम्बी श्रीकांत मंगलवार से यहां शुरू हो रहे आस्ट्रेलियाई ओपन के जरिए अपने खराब फॉर्म को अलविदा कहना चाहेंगे। सुपर 500 टूर्नामेंट के तौर पर अपग्रेड किए गए इस टूर्नामेंट के जरिए सिंधू और श्रीकांत के पास अपना खोया फॉर्म फिर हासिल करने का यह आखिरी मौका है। विश्व चैंपियनशिप डेनमार्क के कोपेनहेगन में खेली जाएगी। 2019 विश्व चैंपियन सिंधू चोट से उबरने के बाद फॉर्म में नहीं है और इस साल 12 बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर टूर्नामेंटों में से सात में जल्दी बाहर हो गई।

इस साल सिंधू ने कोरियाई कोच पार्क ताए सांग से नाता तोड़ लिया और नए कोच मोहम्मद हफीज हाशिम के आने से पहले साइ की कोच विधि चौधरी के साथ काम कर रही थी।





### अष्मिता देगी चुनौती

लगातार टूर्नामेंटों के बीच अब दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू के पास समय नहीं है। यहां पहले दौर में हमवतन अष्मिता चालिहा के खिलाफ खेलने से पहले उन्हें कोच के साथ अपनी रणनीति पर काम करना होगा। दोनों का सामना अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर 2022 इंडिया ओपन में ही हुआ है जिसमें सिंधू विजयी रही थी। इसके अलावा 2019 सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भी सिंधू ने चालिहा को हराया था।

### सात्विक-चिराग हटे

*भारत के लिए इस सत्र में प्रणय, लक्ष्य सेन और दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी लगातार अच्छा प्रदर्शन करते आए हैं। सात्विक और चिराग ने इस सत्र में चार खिताब जीते लेकिन 21 से 27 अगस्त तक होने वाली विश्व चैंपियनशिप की तैयारी के लिए यहां नहीं खेल रहे हैं।*

### प्रणय और सेन दावेदार

*प्रणय और सेन ने भी इस सत्र में खिताब जीते हैं। प्रणय तीन क्वार्टर फाइनल में पहुंचे और मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 खिताब जीता। जापान में सेमीफाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसेन को वह हरा ही चुके थे लेकिन निर्णायक गेम में चूक हो गई। सेन ने इस सप्ताह दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को कड़ी टक्कर दी। प्रणय का सामना यहां हांगकांग के ली चियुक यू से होगा जबकि कनाडा ओपन विजेता सेन चीन के लू गुआंग जू से खेलेंगे।*

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# राज्यसभा में कानून मंत्री का जवाब: 20 सालों से 204 केस का नहीं हो सका है निपटारा

# कोर्ट में केसों की रफ्तार बढ़ी तो फैसले भी हुए तेजी से, जजों की संख्या में 25 फीसदी का हुआ इजाफा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

एक के बाद एक चर्चित केस की सुनवाई कर रहे सुप्रीम कोर्ट में पिछले सालों में 24 हजार केस लंबित पड़े हैं। जब कि 8 हजार केस ऐसे हैं जिनकी फाइलें 10 सालों से धूल फांक रही है। ये जानकारी कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा में पूछे गये एक सवाल के जवाब में बतायी है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने अपने सवाल में ये जानकारी मांगी थी कि सुप्रीम कोर्ट में बेंचों के क्रम से कुल कितने केस लंबित पड़े हैं। पांच सालों में कितने केस सुनवाई को फाइल किये गये। कितने केसों का निपटारा किया गया और लंबित केसों की लंबी श्रृंखला को कम करने के लिए केंद्र सरकार ऐसे क्या कदम उठा रही है जिससे मामलों का त्वरित निपटारा किया जा सके।

अपने लिखित जवाब में कानून मंत्री ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट इंटिग्रेटेड केस मैनेजमेंट सिस्टम इंफॉरमेशन सिस्टम में ऐसी जानकारियां हैं जिसके तहत ये पता चलता है कि गत 20 सालों से सुप्रीम कोर्ट में 204 ऐसे केस हैं जिनका निपटारा दो दशक बाद भी नहीं हो सका है।



### ताकि समय पर न्याय मिले

कानून मंत्री ने उच्च सदन को जानकारी देते हुए बताया कि न्यायालयों में खाली पड़े न्यायाधीशों के पद तेजी से भरे जा रहे हैं। 1 मई 2014 से 10 जुलाई 2023 तक हुई जजों की नियुक्तियों का आंकडा साझा करते हुए कानून मंत्री ने बताया, पिछले 9 सालों में सुप्रीम कोर्ट में जहां 56 जजों की नियुक्तियां हुई वहीं 919 जजों की बहाली विभिन्न हाईकोर्ट में की गई। विभिन्न हाईकोर्ट में 653 एडिशनल जजों को स्थायी तौर पर जज की नियुक्ति दी गई। केसों की संख्या देखते हुए हाईकोर्ट में जजों की संख्या को 906 से बढ़ाकर अब 1 हजार 114 कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिला और बाकी निचली अदालतों में वर्ष 2013 तक 19 हजार 518 जजों की नियुक्तियां की जाती थी जिसे बढ़ाकर अब 25 हजार 246 कर दिया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट में न्याय ने पकड़ी गति

पिछले पांच सालों में केसों के निपटाने की गति के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि पहले की अपेक्षा सुप्रीम कोर्ट यानि सर्वोच्च न्यायालय में न्याय ने अपेक्षाकृत गति पकड़ी है। पिछले पांच सालों में सुप्रीम कोर्ट में न्याय की गुहार लिये कुल 42 हजार 745 केस दाखिल किये गये जिनमें से 36 हजार 36 केसों का निपटारा कर दिया गया। इसी तर्ज पर इस साल 15 जुलाई तक 27 हजार 998 केसों की बाढ़ आ गई तब भी तेज गति से सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न बेंचों में 25 हजार 959 केसों का निपटारा कर दिया गया। आंकड़ें इस बात की गवाही देने को काफी हैं कि सुप्रीम कोर्ट में केसों की संख्या अगर इजाफा हो रहा है तो केसों के निपटाने की संख्या में भी उसी गति से बढ़ोतरी हुई है।

## खबर संक्षेप

### ओमान में फंसे झारखंड के 6 मजदूर



**रांची।** झारखंड के 6 मजदूर ओमान में फंसे हुए हैं। कंपनी की मनमानी की वजह से खाने पीने के लिए सभी मजदूर दाने-दाने को मोहताज हो गए हैं। झारखंड के 6 मजदूर ओमान में फंसे हुए हैं। प्रवासी मजदूरों के लिए काम करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली ने केंद्र और राज्य सरकार से अपील की। यह सभी मजदूर गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो जिले के रहने वाले हैं। यह सभी मजदूर 22 दिसंबर 2022 को मोबाइल टावर खड़ी करने वाली कंपनी में काम करने के लिए ओमान की राजधानी मस्कट गए थे।

### चीन को इटली ने दिया बड़ा झटका



**नई दिल्ली।** इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो ने कहा कि चार साल पहले चीन के महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव में शामिल होने का इटली का फैसला 'तात्कालिक और तबाह करने वाला फैसला' था। क्रोसेटो ने कहा कि चीन के इस प्रोजेक्ट से चीन के व्यापार को तो फायदा हुआ है लेकिन इटली को कोई फायदा नहीं हुआ। पिछली सरकार ने चीन के इस प्रोजेक्ट पर हस्ताक्षर किए थे और ऐसा करने वाला एकमात्र प्रमुख पश्चिमी देश बन गया था। इटली सरकार चीन के बीआरआई प्रोजेक्ट को लेकर पछता रही है।

### इंजीनियर को दुल्हन खोजने में लगा 1 करोड़ का चूना



**बेंगलुरु।** ब्रिटेन के एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने एक महिला के झांसे में फंसकर 1.1 करोड़ रुपये गंवा दिए। महिला ने एक मैट्रिमोनियल साइट के माध्यम से उससे दोस्ती की थी। उसने उससे लगातार मैसेज कर उसे भरोसे में लिया और बाद में एक वीडियो कॉल में महिला ने न्यूड आकर उसे अपने धन उगाही के जाल में फंसा लिया। व्हाइटफील्ड सीईएन क्राइम पुलिस महिला के खातों में मौजूद 84 लाख रुपये जब्त करने में कामयाब रही है। पुलिस के अनुसार, केआर पुरम निवासी 41 वर्षीय एक व्यक्ति यूनाइटेड किंगडम में काम करता है।

### पृथ्वी की कक्षा छोड़ चांद की तरफ निकला चंद्रयान-3



**बेंगलुरु।** इसरो के वैज्ञानिक आज रात 12 से 1 बजे के बीच चंद्रयान-3 को पृथ्वी की ऑर्बिट से चांद की तरफ भेजेंगे। इसे ट्रांसलूनर इंजेक्शन कहा जाता है। चंद्रयान अभी ऐसी अंडाकार कक्षा में घूम रहा है, जिसकी पृथ्वी से सबसे कम दूरी 236 किमी और सबसे ज्यादा दूरी 1,27,609 किमी है। 5 अगस्त को ये चंद्रमा की ऑर्बिट में पहुंचेगा और 23 अगस्त को चंद्रमा पर लैंड करेगा। ट्रांसलूनर इंजेक्शन के लिए बेंगलुरु में मौजूद इसरो के हेडक्वार्टर से वैज्ञानिक चंद्रयान का इंजन कुछ देर के लिए चालू करेंगे।

## तीन नए थिएटर कमान बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही सरकार

**भारत की आक्रामक क्षमताओं की बढ़ेगी ताकत**

# साइबर-अंतरिक्ष युद्ध क्षमताओं को बढ़ा रहा सैन्य मामलों का विभाग

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सरकार तीन नए थिएटर कमान बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। वहीं, सैन्य मामलों का विभाग (डीएमए) अपनी साइबर और अंतरिक्ष युद्ध क्षमताओं को और अधिक विस्तारित और उन्नत करने पर विचार कर रहा है।

सरकार तीन नए थिएटर कमान बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। वहीं, सैन्य मामलों का विभाग (डीएमए) अपनी साइबर और अंतरिक्ष युद्ध क्षमताओं को और अधिक विस्तारित और उन्नत करने पर विचार कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच साल पहले रक्षा साइबर एजेंसी सहित दो एजेंसियों के गठन को मंजूरी दी थी, ताकि इन डोमेन से खतरों से निपटने के साथ-साथ इस क्षेत्र में भारत की आक्रामक क्षमताओं को भी तैयार किया जा सके। इन एजेंसियों का नेतृत्व सेना के मेजर जनरल रैंक के अधिकारी करते हैं।

**खास बातें**

- 5 साल पहले मिली थी रक्षा साइबर एजेंसी समेत दो को मंजूरी
- एजेंसियों का नेतृत्व करते हैं सेना के मेजर जनरल रैंक के अधिकारी



### साइबर चुनौतियों से निपटने में मिलेगी मदद

सरकारी सूत्रों ने बताया, युद्ध में साइबर डोमेन के बढ़ते इस्तेमाल के साथ डीएमए साइबर एजेंसी को और विस्तारित करने और चुनौतियों से निपटने के लिए और अधिक ताकत रखने की संभावना पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन युद्ध में साइबर डोमेन का बढ़ता इस्तेमाल देखा जा सकता है और हमारे अपने अनुभव भी हैं।

### क्षमताओं को मजबूत करने की आवश्यकता

इसी तरह हाल के दिनों में हमारे विरोधियों के बारे में उस डोमेन में कई अंतरिक्ष प्रक्षेपण और अन्य तैनाती की सूचना मिली है। हमें अंतरिक्ष क्षेत्र में भी अपनी क्षमताओं को मजबूत करने की आवश्यकता होगी ताकि थिएटर कमांडरों को खतरों का आकलन करने और उनसे निपटने में मदद मिल सके। रक्षा साइबर एजेंसी द्वारा अपने स्वयं के सैन्य आईटी बुनियादी ढांचे के साथ-साथ अपने स्वयं के कर्मियों के खिलाफ कई साइबर हमलों को विफल कर दिया गया है। सूत्रों ने कहा कि रक्षा साइबर और अंतरिक्ष एजेंसियों के साथ बनाई गई नागरिक एजेंसियों ने भी पिछले कुछ वर्षों में अपनी क्षमताओं में भारी प्रगति की है।

### डोमेन के खतरों से निपटने में कारगर होगा साबित

**अंतरिक्ष विशेषज्ञ रखने पर विचार**

*सूत्रों ने कहा कि बढ़ती वैश्विक गतिविधियों और इन डोमेन के तेजी से हथियारीकरण के साथ एजेंसियों की क्षमताओं का विस्तार और उन्नयन करने की आवश्यकता है। बल इन एजेंसियों में स्थायी या दीर्घकालिक साइबर और अंतरिक्ष विशेषज्ञ रखने पर विचार कर रहे हैं जो उन्हें लंबी अवधि के लिए अपनी विशेषज्ञता का इस्तेमाल कर मदद कर सकते हैं।*

### अंतरिक्ष और साइबर के क्षेत्र में विश्वभर में काफी खतरे बढ़े

साइबर क्षमता को अब राष्ट्रीय शक्ति का एक घटक माना जाता है। देश अपने नागरिकों को आवश्यक सेवाएं देने, विरोधियों की डिजिटल अवसंरचना पर हमला करने, खुफिया जानकारी एकत्र करने और आर्थिक लाभ हेतु व्यापार से जुड़ी जानकारी और तकनीक की चोरी करने सहित कई उद्देश्यों के लिए इन क्षमताओं को विकसित करते हैं। आर्थिक नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ विरोधियों को संदेश भेजने हेतु कुछ गोपनीय लोगों की संभावित भागीदारी या समर्थन से इस तरह के साइबर हमले किए जाते हैं। साइबर हमले की बात को नकारना आसान है और इसकी लागत कम है, इस वजह से सुरक्षा एजेंसियां इसे विशेष साधन मानती हैं। कोविड -19 महामारी और डिजिटल माध्यम से अपने घरों से काम करने वाले लोगों की संख्या बढ़ने की वजह से साइबर हमलों और साइबर स्पेस में आपराधिक गतिविधियों में वृद्धि हुई है। कई कंपनियों को निशाना बनाया और फिरौती मांगी जा रही । पावर ग्रिड, पाइपलाइनों जैसे राष्ट्रीय अवसंरचना पर ऐसे हमले होना लाजिमी हैं।

# द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य के साथ ओमान यात्रा पर नौसेनाप्रमुख आर.हरिकुमार



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारत और ओमान के बीच द्विपक्षीय सैन्य सहयोग को मजबूत बनाने के उद्देश्य से नौसेनाप्रमुख एडमिरल आर. हरिकुमार ओमान की यात्रा पर हैं। बीते रविवार को मस्कट हवाईअड्डे पर ओमान की शाही नौसेना के कमांडर रियर एडमिरल सैफ बिन नासिर बिन मोहसिन अल-रहबी ने उनका स्वागत किया। नौसेना ने सोमवार को बताया कि नौसेनाध्यक्ष की यह तीन दिवसीय (31 जुलाई से 2 अगस्त तक) ओमान की यात्रा है। जिसमें वह ओमान के शीर्ष राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व से मुलाकात करेंगे। एडमिरल कुमार की ओमान के रॉयल कार्यालय के मंत्री सुल्तान बिन मोहम्मद अल नूमानी से शिष्टाचार भेंट होगी। इसके अलावा वह ओमान के अपने समकक्ष रियर एडमिरल सैफ बिन नासेर बिन मोहसिन अल रहबी और ओमान की सेना के प्रमुख मेजर जनरल मतार बिन सलीम बिन रशीद अल बलुशी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस यात्रा के दौरान नौसेनाप्रमुख का ओमान के प्रमुख रक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों का दौरा करने का कार्यक्रम भी रहेगा।

### नौसेनाप्रमुख का पहला दौरा

गौरतलब है कि यह नौसेनाप्रमुख की ओमान की पहली यात्रा है। जिसकी शुरुआत के साथ ही बल का स्वदेशी गाइडेड मिसाइल विध्वंसक आईएनएस विशाखापट्टनम बीते 30 जुलाई को मस्कट के पोर्ट सुल्तान कबूस पहुंच गया है। यह युद्धपोत की तीन दिवसीय ओमान तैनाती का हिस्सा है। जिसमें वह ओमान की नौसेना द्वारा नौसैन्य सहयोग को लेकर आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेगा। औपचारिक रूप से इन कार्यक्रमों का समापन 3 अगस्त 2023 को समुद्री साझेदारी युद्धाभ्यास (एमपीएक्स)-2023 के साथ होगा।

### अगले साल होगा द्विपक्षीय युद्धाभ्यास

नौसेना ने कहा कि दोनों देशों की नौसेनाएं विदेशी सहयोग से जुड़ी हुई कई गतिविधियों में एक-दूसरे के साथ जुड़ी हुई हैं। इसमें अभियान, प्रशिक्षण और कई क्षेत्रों में विषय विशेषज्ञों का आदान-प्रदान शामिल है। ऐसी ही एक महत्वपूर्ण गतिविधि दोनों नौसेनाओं के बीच आयोजित किया जाने वाला द्विपक्षीय नौसैन्य युद्धाभ्यास नसीम अल बहर है। जिसका अगला संस्करण वर्ष 2024 में आयोजित किया जाएगा। यह युद्धाभ्यास भारत और ओमान की नौसेनाओं के बीच वर्ष 1993 से आयोजित किया जा रहा है। इतना ही नहीं दोनों बल कई बहुपक्षीय नौसैन्य गतिविधियों में भी एक-दूसरे के साथ व्यापकता से जुड़े हुए हैं। इंडियन ओसियन नेवल सिंपोसिजम (आईओएनएस) इसमें शामिल है। ओमान के साथ हमारा संबंध भारत के सागर विजन पर आधारित है।

## बलूच, सिंध, बलवारिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा होना चाहते हैं अलग

# टुकड़े-टुकड़े होगा पाकिस्तान! अलग मुल्क बनाने की मांग

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पाक में भी अलगाववाद फल-फूल रहा है। उसके अपने ही लोगों ने बगावत छेड़ रखी है। अगर वे कामयाब हुए तो देश एक-दो नहीं, कई टुकड़ों में टूट सकता है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी की खबरें आती हैं कि उसने अपने यहां कोई धमाका कर दिया, जिसमें पाकिस्तान सरकार या चीन के लोग मारे गए। इसके अलावा कई चरमपंथी संगठन हैं, जो बलूच आजादी चाहते हैं। ये पाक का वो हिस्सा है, जो सरकार के बस में नहीं रहा।



### अलग सिंधु देश की मांग

सिंध प्रांत के लोग खुद को सिंधु घाटी सभ्यता के वंशज मानते रहे और आरोप लगाते हैं कि पाकिस्तान उनपर जबरन कब्जा किए हुए है। साठ के दशक में गुलाम मुर्तजा सैय्यद ने इस मूवमेंट की शुरुआत की। वे इस बात पर नाराज थे कि उनपर उर्दू भाषा थोपी जा रही थी। साथ ही वे इसपर भी गुस्सा थे कि बंटवारे के बाद काफी सारे भारतीय मुस्लिम भी उनके हिस्से में आ गए थे। ये उन्हें मुजाहिर कहते और सिंध से हटाना चाहते थे।

### कई दूसरे आंदोलन भी हुए

पूरे देश में छिटपुट हिस्सों में अलगाववाद पनपता रहा। यहां तक कि देश के विभाजन के कुछ समय बाद आए मुस्लिमों को भी वहां स्वीकारा नहीं जा रहा। ये लोग मुहाजिर कहलाते और योजनाओं से दूर रखे जाते हैं। ये भी मुहाजिर सूबे की मांग बीच-बीच में कर लेते हैं। वैसे ये उस तरह के एक्स्ट्रीम नहीं हैं, जिनपर पाकिस्तान परेशान रहे। अफगानिस्तान में तालिबान आने के बाद से पाकिस्तान का डर और बढ़ा क्योंकि यहां मौजूद पश्तून आबादी अफगानिस्तान का हिस्सा बनने की बात करती आई है। अगर ऐसा हुआ तो लगभग पूरा खैबर पख्तूनख्वा अलग हो जाएगा।

# विस्तार: सेना की मेडिकल व अन्य शाखाओं में महिलाओं का आंकड़ा पहुंचा 4 हजार के पार

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



भारतीय सेना की मेडिकल शाखा में महिलाओं का आंकड़ा कुल करीब 4 हजार के पार पहुंच गया है। इसमें थलसेना चिकित्सा कोर में 1 हजार 212 महिलाएं हैं। दंत चिकित्सा कोर में 168 और सैन्य नर्सिंग सेवा में 3 हजार 841 महिलाएं हैं। यह जानकारी रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने सोमवार को राज्यसभा में सांसद संदोष कुमार पी. के एक प्रश्न के लिखित जवाब में दी है। जिसमें उन्होंने बताया कि इस आंकड़े को अगर मेडिकल कोर को हटाकर देखा जाए तो महिलाओं की कुल संख्या 1 हजार 733 तक पहुंचती है।

### इन पहलों के जरिए बढ़ती संख्या

भारतीय सेना में महिलाओं की संख्या बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। इसमें राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (पुणे) में महिला सेना कैडेटों के लिए 20 रिक्तियां पिछले साल जुलाई से आवंटित की गई हैं। अल्प सेवा आयोग में महिलाओं के लिए इस साल जून से बढ़ाई गई 10 अतिरिक्त रिक्तियों सहित 90 रिक्तियां हैं। इसके अलावा इसी वर्ष मार्च महीने से महिलाओं को विभिन्न सैन्य शाखाओं में शामिल करने का निर्णय लिया गया है। तोपखाना और रिमाउंट एवं वेटनरी कोर इसमें मुख्य हैं। वहीं सेना विमानन में पायलटों के रूप में महिला अधिकारियों की भर्ती जून 2021 से शुरू हो गई है। सेना की पुलिस कोर में अन्य रैंकों के रूप में महिलाओं का नामांकन वर्ष 2019 से शुरू हो गया है।

## आज चंद्रमा की कक्षा 5 डिग्री कोण पर झुकेगी, धरती के पास होगा सुपरमून

# संयोग: अगस्त माह में दो बार दिखेगा दुर्लभ नजारा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अंतरिक्ष में कभी-कभी बेहद अद्भुत घटनाएं घटती हैं। इनमें कई घटनाएं बहुत ही खूबसूरत होती हैं और लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचती हैं। अगस्त के महीने में कई खगोलीय घटनाएं घटने वाली हैं। यह घटनाएं दुर्लभ मानी जाती हैं। इस महीने आसमान में दो सुपरमून नजर आएंगे। एक अगस्त को पहला सुपरमून दिखाई देगा, 30 अगस्त की रात दूसरा नजर आएगा। एक अगस्त को दिखने वाला सुपरमून अन्य सुपरमून की तुलना में काफी बड़ा होगा, क्योंकि यह धरती के बेहद पास होगा। इसके साथ ही इसके रंग को भी आसानी से देखा जा सकता है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, इस दिन धरती के चारों ओर चंद्रमा की कक्षा करीब 5 डिग्री के कोण पर झुकी हुई होती है।

**खास बातें**

- आज दिखेगा सुपरमून, अन्य की तुलना में होगा काफी बड़ा
- 30 अगस्त की रात दूसरा नजर आएगा सुपरमून
- सामान्य की तुलना में दिखाई देगा चमकदार

एक अगस्त को दिखने वाला सुपरमून अन्य सुपरमून की तुलना में काफी बड़ा होगा, क्योंकि यह धरती के बेहद पास होगा। इसके रंग को भी आसानी से देखा जा सकता है।

### चंद्रमा ज्यादा चमकदार दिखाई देगा



एक अगस्त को नजर आने वाले मून को स्टर्जन मून के रूप में जाना जाता है। सुपरमून होने की वजह से यह चंद्रमा सामान्य फुल मून की तुलना में बड़ा और ज्यादा चमदार दिखाई देता है। एक अगस्त को स्टर्जन मून 2:32 बजे अपने पीक पर रहेगा। सूर्यास्त के बाद जब यह दक्षिण-पूर्व क्षितिज से ऊपर उठेगा तो भी यह पूरी तरह नजर आएगा।

### 30 अगस्त को नजर आएगा ब्लूमून

30 अगस्त को ब्लूमून नजर आएगा। ब्लूमून एक बेहद दुर्लभ घटना है। चांद के रंग से इसका कोई लेना-देना नहीं होता है। अक्सर यह किसी महीने की दूसरी पूर्णिमा को नजर आता है। इस बार अगस्त के महीने में दो पूर्णिमा पड़ रही हैं। इसलिए दूसरी पूर्णिमा के दिन सुपर ब्लूमून दिखेगा। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, हर तीन साल में यह एक बार दिखाई देता है। इससे पहले यह साल 2021 में दिखा दिया था।

## फ्रांस के प्रभाव पर आक्रोश

# तख्तापलट समर्थकों ने फ्रांसीसी दूतावास पर किया हमला

एजेंसी ▸▸ नाइजर



नाइजर में सैन्य तख्तापलट का समर्थन करने वाले हजारों लोगों ने फ्रांस के प्रभाव पर आक्रोश जताया। इसकी वजह से फ्रांसीसी दूतावास के सामने तनावपूर्ण और हिंसक दृश्य सामने आए। यहां तख्तापलट समर्थक प्रदर्शनकारियों ने फ्रांसीसी दूतावास पर हमला किया और पुतिन जिंदाबाद के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने फ्रांस दूतावास के पास रूसी और नाइजीरियाई झंडे लगा दिए। प्रदर्शनकारी फ्रांस मुर्दाबाद, पुतिन जिंदाबाद के नारे लगाया। वहीं प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के प्रयास में, नाइजर में पुलिस अधिकारियों ने आंसू गैस के गोले छोड़े। इस घटना की अंतरराष्ट्रीय समुदाय मुखर हुआ है। नाइजर के राष्ट्रपति गार्ड द्वारा बज़ौम को हटाने और नेशनल काउंसिल फॉर द सेफगार्ड ऑफ द होमलैंड मिलिट्री जुंटा की स्थापना की अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने व्यापक निंदा की है।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com